राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in




# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 284
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
रविवार 07 सितंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 पीपीपी या प्राधिकरण खुद बनाएगा मथुरा की हेरिटेज सिटी
पेज 4 माला नदी किनारे टंकी निर्माण बना सफेद हाथी
पेज 6 सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में एशिया कप के लिए दुबई पहुंची

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध सट्टेबाजी घोटाला मामले ईडी का ताबड़तोड़ एक्शन

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के कांग्रेस विधायक केसी. वीरेंद्र उर्फ पप्पी से जुड़े अवैध सट्टेबाजी घोटाले के संबंध में ईडी ने शनिवार को चित्रदुर्ग जिले के चाल्लकेरे शहर में कई स्थानों पर छापे मारे। विधायक वीरेंद्र द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर ये छापे मारे गए हैं। वीरेंद्र को ईडी ने गिरफ्तार किया है। ईडी द्वारा अवैध सट्टेबाजी घोटाले की जांच में सामने आया है कि वीरेंद्र और उनके सहयोगियों ने वेबसाइटों से सिंगल गेटवे के माध्यम से दो हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाई। इससे पहले दो दो सितंबर को ईडी ने वीरेंद्र और अन्य के खिलाफ अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी में जनता को धोखा देने के मामले में बेंगलुरु और चाल्लकेरे में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया था।

### पंजाब में गुरुग्राम ईडी की छापेमारी

**मोहाली।** गुरुग्राम की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध खनन मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पंजाब में 44 संपत्तियां अटैच की गई हैं, जिनमें 85 एकड़ से ज्यादा कृषि जमीन शामिल है और इनकी अनुमानित कीमत करीब 30 करोड़ रुपए है। ये संपत्तियां लुधियाना, रूपनगर, एसएएस नगर, शहीद भगत सिंह नगर और पंजाब के अन्य जिलों में हैं। जिनके नाम ये संपत्तियां हैं, उनमें कुलदीप सिंह मक्कड़, अंगद सिंह मक्कड़, पुनीत सिंह मक्कड़ और उनकी कंपनियां शामिल हैं।



### हैप्पी मॉर्निंग

दो लड़कियां आपस में लड़ रही थीं
उनको आपस में लड़ता देख एक शराबी वहीं रुक गया
पहली लड़की- भगवान करे तेरी शादी किसी शराबी से हो जाए
दूसरी लड़की- नहीं भगवान करे तेरी हो जाए इतने में शराबी बोला- मैं रुकूं या जाऊं?



### शायरी

कल बहा लूँगी तुझे तोड़ के साहिल की क़ुयूद
और फिर गुम्बद ओ मीनार भी पानी पानी

### अर्थसार

संसेक्स:
80,710.76
-7.25 (0.0090%)
निफ्टी:
24,741.00
+6.70



### मौसम



अधिकतम : 32 डिग्री से0
न्यूनतम : 26 डिग्री से0
सूर्योदय सोमवार : 6 : 04
सूर्यास्त रविवार : 6 : 28

### बाढ़ प्रभावित




नई दिल्ली के मयूर विहार में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के निवासी एक फ्लाईओवर के नीचे शरण लेते हुए।

# चुनाव आयोग पूरे देश में वोटर वेरिफिकेशन करेगा

## 10 सितंबर को एसआईआर को लेकर दिल्ली में मीटिंग; साल के आखिरी में प्रक्रिया शुरू हो सकती है

**नई दिल्ली।** भारतीय चुनाव आयोग पूरे देश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) करने की तैयारी में है। इसको लेकर दिल्ली में 10 सितंबर को बैठक होगी।

न्यूज एजेंसी ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि बैठक में सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी शामिल होंगे। इसमें देशभर में एसआईआर कराने को लेकर रणनीति पर चर्चा होगी। यह मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के फरवरी में पद संभालने के बाद तीसरी बैठक होगी।

चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार के बाद वोटर लिस्ट जांच की प्रक्रिया पूरे देश में लागू की जाएगी। साल के आखिरी में इसकी शुरुआत हो जाएगी। ताकि 2026 में असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट को अपडेट किया जा सके।




### पैन-इंडिया एसआईआर का मकसद

चुनाव आयोग के अनुसार, एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को अपडेट करना और अवैध मतदाताओं, जैसे विदेशी नागरिकों, मृत व्यक्तियों या स्थानांतरित लोगों को हटाना है। इस बीच कई राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमार से आए प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है।

बिहार में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन का विपक्ष ने विरोध किया। 9 जुलाई को वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन को लेकर बिहार में महागठबंधन ने बंद का आह्वान किया। इस दौरान 7 शहरों में ट्रेनें रोकीं गईं और 12 नेशनल हाईवे जाम किए गए। पटना में राहुल गांधी ने कहा था- महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था और वैसे ही बिहार को चुनाव चोरी करने की कोशिश की जा रही है। उन्हें पता है कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया इसलिए वे बिहार मॉडल लाए हैं। ये गरीबों के वोट छीनने का तरीका है।

# 150 करोड़ के जमीन घोटाला में ईडी का एक्शन

## जयपुर में छापेमारी में करोड़ों के जेवरात बरामद

**नई दिल्ली।** ईडी ने जयपुर में 150 करोड़ रुपये से अधिक के जमीन घोटालों के मामले में भू कारोबारी ज्ञानचंद अग्रवाल और उसके सहयोगियों के ठिकानों पर तीन दिन तक चली कार्रवाई में कई ठोस सबूत जुटाए हैं। जांच में स्पष्ट हुआ है कि ज्ञानचंद ने जयपुर में तीन सौ से अधिक लोगों को जमीन देने के नाम पर ठगा है, जिनमें से कई ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है।

अग्रवाल ने लोगों से पैसे लेकर उन्हें जमीन का कब्जा नहीं दिया। जयपुर के विभिन्न थानों में उसके खिलाफ मामले दर्ज हैं, जिसमें श्यामनगर थाना पुलिस ने उसे हिस्ट्रीशीटर घोषित किया है। ईडी की छापेमारी में यह भी सामने आया कि अग्रवाल और उसके सहयोगियों ने जमीन घोटालों से अर्जित धन को विदेश में निवेश किया है। उन्होंने विदेशी कंपनियों में हिस्सेदारी भी ली है।

### तीन करोड़ रुपये नकद और 10 करोड़ के जेवरात बरामद

ईडी के अनुसार छापे के दौरान कारोबारी के घर से तीन करोड़ रुपये नकद और 10 करोड़ के जेवरात बरामद किए गए हैं। एक कमरे में छिपी तिजोरी का पता मेटल डिटेक्टर से चला, जिसे तोड़कर नकदी और जेवरात की जांच की गई। प्रदेश के अन्य शहरों में भी जमीन और खनन के नाम पर ठगी की जानकारी मिली है, जिसकी जांच जारी है।

# गुजरात के पावागढ़ शक्तिपीठ में गुड्स रोपवे टूटा, 6 की मौत

## मरने वालों में लिफ्ट ऑपरेटर और मजदूर शामिल; कई लोग घायल

**अहमदाबाद।** गुजरात के पंचमहाल जिले के पावागढ़ के महाकाली मंदिर शक्तिपीठ में शनिवार को गुड्स (सामान ले जाने वाले) रोपवे के टूटने से 6 लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। जानकारी के मुताबिक, रोपवे का तार टूटने की वजह से ट्रॉली ऊंचाई से नीचे जमीन पर गिर गई। हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर भी है। वहीं, मृतकों में 2 लिफ्ट ऑपरेटर, 2 मजदूर और अन्य दो लोग शामिल हैं। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है।



### पावागढ़ में 2 अलग-अलग रोपवे हैं

पावागढ़ में महाकाली मंदिर तक जाने के लिए दो अलग-अलग रोपवे बने हैं। एक रोपवे श्रद्धालुओं लाने-ले जाने के लिए है, जबकि दूसरा रोपवे केवल सामान और निर्माण सामग्री ढोने के लिए तैयार किया गया है। हादसा इसी गुड्स रोपवे में हुआ।

### 2023 में भी रोपवे की रस्सी टूटी थी

पावागढ़ में इससे पहले 25 अगस्त 2023 को भी बड़ा हादसा होने से टला था। उस समय महाकाली मंदिर तक जाने वाली रोपवे की पिलर नंबर 4 की केबल बीच में ही टूट गई थी, जिससे 10 से ज्यादा यात्री हवा में बोगियों में फंस गए थे। हालांकि गनीमत रही कि सभी लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया और कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।

### 800 मीटर ऊंची पहाड़ी पर स्थित है शक्तिपीठ

पावागढ़ मंदिर, मां महाकाली को समर्पित एक प्राचीन और प्रसिद्ध शक्तिपीठ है। यह मंदिर समुद्र तल से करीब 800 मीटर ऊंची पावागढ़ पहाड़ी पर स्थित है। माना जाता है कि यहां सती माता का दाहिना पैर गिरा था। शारदीय नवरात्रि सहित अन्य पर्वों पर लाखों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। हालांकि रेगुलर भी भक्तों का आना लगा रहता है।

# राजकोट में एसयूवी पलटने से इंजीनियरिंग के तीन छात्रों की मौत, 8 लोग घायल

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है, जिसमें हाइवे पर एक एसयूवी पलटने से इंजीनियरिंग कॉलेज के तीन छात्रों की मौत हो गई और 8 घायल हो गए हैं।

पुलिस के मुताबिक, हादसा जसदण तालुका के जंगवाड़ गांव के पास देर रात करीब 1.30 बजे हुआ, जब छात्रों का एक ग्रुप छुट्टियां मनाने दीव जा रहा था।



अटकोट पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर आरएस सकारिया ने बताया कि मृतकों की पहचान नरेश कोडावती, मोती हर्ष और अफरीद सैयद के रूप में हुई है, जो सभी आंध्र प्रदेश के रहने वाले थे। उन्होंने कहा, राजकोट स्थित आरके विश्वविद्यालय के 12 छात्रों का एक समूह छुट्टियां मनाने के लिए किराए की एक एसयूवी में तटीय शहर दीव जा रहा था। अधिकारी ने बताया कि गाड़ी चला रहे एक छात्र ने एक मोड़ पर गाड़ी से कंट्रोल खो दिया, जिससे गाड़ी हाईवे पर पलट गया और उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई। आठ घायल छात्रों में से दो की हड्डी टूट गई और उन्हें इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए राजकोट सिविल अस्पताल भेज दिया गया है।

# बाइक रैली में सर तन से जुदा के नारे

**सागर।** सागर में एक बाइक रैली में सर तन से जुदा के नारे लगे। गुरुवार को रैली के दौरान हुई नारेबाजी का वीडियो शुक्रवार को सामने आया। जिसके बाद हिंदू संगठन ने कोतवाली थाने में शिकायत की। हिंदू संगठन ने इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की। शिकायत पर जांच के बाद पुलिस ने शुक्रवार शाम को रैली निकालने वाले ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष फिरदोष कुरैशी के साथ ही पम्मा कसाई, शहबाज और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# राजस्थान में हाईवे बहा, उदयपुर में कॉलोनियां डूबीं

**नई दिल्ली/ चंडीगढ़/ श्रीनगर/ लखनऊ।** राजस्थान में बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। जयपुर में दोपहर बाद तेज बारिश हुई। राजसमंद के रिछेड़ क्षेत्र में तेज बारिश से नेशनल हाईवे-162 (राजसमंद-जोधपुर) का आधा हिस्सा बह गया। उदयपुर में आयड़ नदी का पानी कई कॉलोनियों में घुस गया। कई घर डूब गए हैं, लोग घरों की छतों पर फंसे हुए हैं।

दिल्ली में शनिवार को भी यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मॉनेस्ट्री मार्केट, यमुना बाजार, वासुदेव घाट, निगम बोध घाट, मयूर विहार और कश्मीरी गेट समेत शहर के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात हैं। शुक्रवार को सिविल लाइंस के स्वामीनारायण मंदिर परिसर में 5 फीट तक पानी भर गया था।

उत्तर प्रदेश के मथुरा में 20 से ज्यादा कॉलोनियों में यमुना का पानी घुस गया है। आगरा में ताज महल की बाउंड्री तक यमुना का पानी पहुंच गया है। इसके पीछे बना पार्क डूब गया है। शुक्रवार को शहर में तेज बारिश से 50 से ज्यादा सड़कों पर 4 फीट तक पानी भर गया। इससे बाइक-कार डूब गईं। मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले के तोरणमाल में बारिश के चलते भूस्खलन हुआ है।

### लाल किला परिसर से 1 करोड़ के कलश चोरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किला परिसर में जैन धार्मिक आयोजन के दौरान दो स्वर्ण कलश चोरी हो गए। इसमें 1.5 करोड़ रुपए कीमत के आभूषण लगे थे। घटना बुधवार, 3 सितंबर की है। इसका सीसीटीवी शनिवार को सामने आया है। इसमें एक चोर जैन पुजारी के वेश में आया और कीमती सामान से भरा बैग लेकर चला गया। पुलिस ने कहा है कि संदिग्ध की पहचान कर ली गई है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एक स्वर्ण कलश पर लगभग 760 ग्राम सोने का नारियल लगा था। 115 ग्राम के दूसरे कलश पर हीरे, पन्ने और माणिक जड़े थे। इन्हें जैन धर्म में पवित्र माना जाता है और ये अनुष्ठानों में काम आते हैं।

# तेलंगाना में ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़, 12 हजार करोड़ की मेफेड्रोन जब्त

- वाघदेवी लैब्स नाम से संचालित थी फैक्ट्री
- बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों का होता था उत्पादन

**नई दिल्ली।** मीरा-भयंदर, वसई-विरार पुलिस के एंटी-नारकोटिक्स सेल और अपराध शाखा ने तेलंगाना में एक केमिकल मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री के नाम पर चल रहे बड़े कार्टेल का भंडाफोड़ किया है। यह फैक्ट्री हैदराबाद के पास चेरलापल्ली औद्योगिक क्षेत्र में स्थित थी।

वाघदेवी लैब्स नाम से संचालित यह फैक्ट्री बाहर से देखने पर वैध लगती थी, लेकिन कथित तौर पर यहां बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों का उत्पादन किया जा रहा था। छापे के बाद 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें एक विदेशी नागरिक भी शामिल है। वहीं 12 हजार करोड़ रुपये की एमडी ड्रग्स भी जब्त की गई है।

### बीते कुछ वर्ष की सबसे बड़ी रेड

एमडी का पूरा नाम मेफेड्रोन है। इसे म्याऊ म्याऊ, मेफ, एम-कैट या मियाऊ के नाम से भी जाना जाता है। यह एम्फैटेमिन दवाओं के ग्रुप में शामिल है, जिसमें स्पीड और बहुत ज्यादा खुशी का अनुभव होता है। नशीले पदार्थों की जब्ती के संबंध में यह बीते कुछ वर्षों की सबसे बड़ी रेड मानी जा रही है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि फैक्ट्री की जड़ तक पहुंचने के लिए हमने पहले गिरोह में अपने लोगों की घुसपैठ कराई। कई हफ्तों की जोखिम भरी कोशिश के बाद हम गिरोह का भंडाफोड़ करने में कामयाब रहे।

### विदेशी नागरिक समेत 12 लोग गिरफ्तार



छापे में पुलिस ने अत्याधुनिक रासायनिक उपकरण, ड्रग प्रोडक्शन यूनिट और लगभग 32,000 लीटर प्रीकर्सर केमिकल सहित कच्चे माल का एक बड़ा जखीरा ज़ब्त किया। इस ड्रग्स को महाराष्ट्र और दूसरे राज्यों में सप्लाई किया जाता था। अब फैक्ट्री को सील कर दिया गया है।

## पुलिस से मारपीट

### मम्मी-मम्मी बोलकर रोती रही महिला एसआई; अवैध शराब पकड़ने गए थे

# पुलिस को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाया सिपाही

जमुई। बिहार के जमुई में ग्रामीणों ने पुलिस टीम को दौड़ा-दौड़ाकर लाठी-डंडों से पीटा। पुलिस कदुआ तरी गांव में देसी शराब बनाने की सूचना पर रेड करने पहुंची थी।

ग्रामीणों ने एक कॉन्स्टेबल को पकड़ लिया। भीड़ के आगे सिपाही बेबस दिखाई दिए। वो हाथ जोड़कर लोगों के आगे गिड़गिड़ाते नजर आए।

वहीं महिला एसआई उर्मिला कुमारी और एसआई शुभम झा को भी भीड़ ने घेर लिया। इस दौरान महिला एसआई रोती नजर आईं।

हमले में महिला एसआई उर्मिला कुमारी, एसआई शुभम झा समेत 6 से ज्यादा पुलिस वाले घायल हुए हैं।



घटना शुक्रवार की है, इसका वीडियो आज शनिवार को वायरल हुआ है।

### करीब 50 लोगों ने हमला किया

पुलिस पर हमले के वीडियो में दिख रहा है कि महिला-पुरुष समेत 50 के लगभग ग्रामीणों ने पुलिस टीम को भगा-भगाकर लाठी-डंडे से पीटा। इस बीच कुछ पुलिस कर्मियों ने भागकर अपनी जान बचाई। वहीं एक सिपाही को एक युवक ने पकड़ लिया। इसके बाद भीड़ वहां पहुंची और पुलिसकर्मी को डंडे से मारने लगे। एक शख्स उनके सिर पर हमला करता है, दूसरा युवक उनका हथियार छीनने की कोशिश करता नजर आ रहा है। इस दौरान जवान हाथ जोड़े माफी मांगते नजर आ रहा है।

वो हाथ जोड़कर बार-बार भीड़ से छोड़ देने की मिन्नतें कर रहा है। इस दौरान ग्रामीणों की ओर से गाली-गलौज भी की गई।

### भीड़ ने घेरा तो महिला एसआई रोने लगी

ग्रामीणों ने एसआई शुभम झा को 200 मीटर तक दौड़ाया। वहीं महिला एसआई भीड़ का हिंसक रूप देखकर रोने लगी।

दरअसल, कदुआ तरी गांव एक आदिवासी बहुल गांव है। जब पुलिस रेड के लिए पहुंची, लोग करमा पर्व को लेकर पूजा-पाठ में जुटे हुए थे। इसी बीच माहौल बिगड़ गया और हमला हो गया।

### पुलिस हिरासत में 13 लोग

पुलिस टीम पर हमले के बाद बरहट थाने की पुलिस ने कदुआतरी गांव में छापेमारी अभियान चलाया। जहां से 13 लोगों को हिरासत में लिया गया और उन्हें थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीण आक्रोशित हो गए और ढोल-नगाड़े और पारंपरिक हथियार के साथ बरहट थाने पहुंचकर घेराव करने के लिए जुट रहे थे। हालांकि पुलिस ने उन्हें रोक दिया है।

# ईडी ने सुब्रत रॉय के बेटे को भगोड़ा बताया

- 1.74 लाख करोड़ रुपए के घोटाले में सहारा के खिलाफ चार्जशीट, पत्नी भी आरोपी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय ने सहारा इंडिया समूह के खिलाफ कोलकाता की कोर्ट में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। इसमें 1.74 लाख करोड़ रुपए के चिटफंड घोटाले का जिक्र है। ईडी ने सहारा के संस्थापक दिवंगत सुब्रत रॉय की पत्नी सपना रॉय, बेटे सुशांत रॉय को आरोपी बनाया है। अनिल वैलापरमपिल अब्राहम और जितेंद्र प्रसाद (जेपी) वर्मा समेत समूह के कई वरिष्ठ अधिकारी भी आरोपियों में शामिल हैं। ईडी ने सुशांत को भगोड़ा बताया है। वह पूछताछ में शामिल नहीं हुए थे। ईडी उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कराने की प्रक्रिया में है। सहारा के खिलाफ 500 से अधिक एफआईआर दर्ज हैं। इनमें से करीब 300 में दर्ज आरोप पीएमएलए के दायरे में आते हैं।

### तीन राज्यों में एफआईआर दर्ज की थी

ईडी ने जांच की शुरुआत ओडिशा, बिहार और राजस्थान में दर्ज तीन एफआईआर से की थी। ये हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड व अन्य सहारा संस्थाओं के खिलाफ दर्ज हुई थीं।

हाल ही में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मुंबई में सहारा समूह से जुड़ी नौ परिसरों पर छापेमारी हुई, जिनमें भूमि और शेयर डील्स से जुड़े दस्तावेज जब्त हुए। नए सबूतों के आधार पर सप्लीमेंटरी चार्जशीट दाखिल की गई है।

# संपादकीय

## 'भगवान की आड़ में विनाश का खेल'



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### आस्था और अंधविश्वास का बोझ

ओबीसी, एससी और एसटी समाज भारत के लोकतांत्रिक ढाँचे की रीढ़ हैं। लेकिन यही वर्ग सबसे ज़्यादा आस्था और अंधविश्वास के बोझ तले दबा दिए गए। जब-जब इन वर्गों ने शिक्षा, रोज़गार, ज़मीन और अधिकार की जगह भगवान और मंदिर को प्राथमिकता दी, उनका भविष्य लुटा।

### डॉ. आंबेडकर ने चेताया था –

'धर्म के नाम पर अगर तुम सवाल करना भूल जाओगे, तो सदा गुलाम बने रहोगे।'

### सत्ता के मोहरे बने वंचित वर्ग

इतिहास गवाह है—राजसत्ता हो या लोकतंत्र, धर्म के नाम पर इन्हें हमेशा नारे और झंडे थमाए गए। जिस दिन ये वर्ग असली सवाल उठाते, उसी दिन सत्ता काँपती। लेकिन इनके हाथों में मंदिर का प्रसाद थमा दिया गया और इनके हिस्से में ग़रीबी, अशिक्षा और अपमान आया।

### पेरियार ने कहा था –

'अगर मंदिर की सीढ़ियाँ चढ़ते रहोगे, तो कभी सत्ता की सीढ़ियाँ नहीं चढ़ पाओगे।'

### भटके मुद्दे, खोए अधिकार

आज भी ये वर्ग सबसे ज़्यादा खेतों में मज़दूरी करता है, सबसे कम शिक्षा पाता है और सबसे अधिक बेरोज़गारी झेलता है। कारण प्रतिभा की कमी नहीं, बल्कि सुनियोजित भटकाव है। जब बच्चा स्कूल की बजाय मंदिर की भीड़ में धकेला जाता है, जब नौजवान नौकरी की बजाय जुलूस में ढोल पीटता है, तो यह परंपरा नहीं—यह सत्ता का हथियार है।

### भगत सिंह ने कहा था –

'धर्म की जंजीरों में बँधा समाज कभी क्रांति नहीं कर सकता।'

### इतिहास से सबक

- रोम और ग्रीस धर्म के अतिरेक में डूबकर ढह गए।
- भारत का स्वतंत्रता संग्राम तभी सफल हुआ जब दलित-पिछड़े-आदिवासी शिक्षा और संगठन से जुड़े।
- आंबेडकर, फुले और पेरियार ने चेताया था—'धर्म के नशे में डूबे लोग हमेशा हारेंगे।'

### समकालीन कटाक्ष

आज भी हालात बदले नहीं हैं। अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी से बच्चे दम तोड़ते हैं, लेकिन उसी समय सत्ता हेलिकॉप्टर से फूल बरसाने में व्यस्त रहती है। किसानों की आत्महत्या के आँकड़े छुपा दिए जाते हैं, लेकिन महाकुंभ को 'महाकुंभ' बनाने पर अरबों खर्च होते हैं। युवाओं को रोजगार नहीं मिलता, लेकिन उन्हें धार्मिक जुलूसों में ढोल-नगाड़े बजाने भेज दिया जाता है। शिक्षा पर बजट घटा दिया जाता है, जबकि मूर्तियों और मंदिरों पर हजारों करोड़ झोंक दिए जाते हैं। गरीब के घर का चूल्हा ठंडा पड़ जाता है, लेकिन टीवी पर 'धार्मिक उत्सव' चमकते रहते हैं।
यह कैसा लोकतंत्र है, जहाँ सवाल पूछने वाले गद्दार और मूर्तियों पर झुकने वाले सच्चे देशभक्त कहलाते हैं?

### अब समय है जागने का

ओबीसी, एससी और एसटी को यह समझना होगा कि भगवान के पीछे भागने से न तो रोज़गार मिलेगा, न बच्चों का भविष्य, न ही सम्मान। असली पूजा है —

- किताब उठाना,
- सवाल करना,
- संगठन बनाना,
- और बराबरी का हिस्सा छीनना।

### निष्कर्ष

भगवान से आस्था रखना अपराध नहीं है। लेकिन भगवान के नाम पर अपने हक़ और अधिकार भूल जाना आत्मघाती है।
एक शराबी केवल अपना घर बर्बाद करता है,
परंतु एक धार्मिक अंधभक्त औरत पूरी पीढ़ियाँ बर्बाद कर देती है।
इतिहास गवाही देता है—जो समाज भगवान के पीछे भागा, वह नष्ट हुआ।
जो समाज शिक्षा और संगठन के पीछे भागा, वही विजेता बना।

## सामान्य स्थिति बहाली के लिए गंभीर प्रयास हों

निस्संदेह, पिछले दो वर्ष से अधिक समय से हिंसाग्रस्त मणिपुर का संकट लाइलाज-सा नजर आता रहा है। अब केंद्र सरकार और राज्य के दो प्रमुख कुकी-जो समूहों के बीच बीते गुरुवार को हस्ताक्षरित ऑपरेशन निलंबन समझौते से अशांत मणिपुर में शांति बहाली तथा सामान्य स्थिति बनाये रखने के प्रयासों को बल मिलने की उम्मीद जगी है। उम्मीद है कि इस प्रयास से राज्य की क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित की जा सकेगी। समझौते के बाद निर्दिष्ट शिविरों को संवेदनशील क्षेत्रों से स्थानांतरित करने और राज्य में दीर्घकालिक शांति तथा स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में भी सहमति बनी है। वहीं यह घटनाक्रम इस कारण से भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह इस पूर्वोत्तर राज्य का दौरा कर सकते हैं। विपक्ष लंबे समय से मांग करता रहा है कि प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं जाते। मई, 2023 में मैतेई और कूकी समुदाय के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद प्रधानमंत्री की इस संवेदनशील राज्य की यह पहली यात्रा होगी। विगत में विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा है कि केंद्र ने मणिपुर को उसके हाल पर छोड़ दिया। विपक्ष ने राज्य में डबल इंजन सरकार के दौरान कुशासन का आरोप भी लगातार लगाया है। उनका यह भी आरोप रहा है कि सत्तारूढ़ भाजपा ने राज्य की स्थिति के नियंत्रण में अपनी विफलता के बावजूद एन बीरेन सिंह को मुख्यमंत्री के पद पर बनाये रखा था। इससे बढ़कर यह भी कि मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए उन पर तटस्थता न दिखाने और हिंसा के प्रति संवेदनहीन बने रहने के आरोप भी लगाए गए। कालांतर विपक्ष के दबाव के बीच उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। तब से लेकर अब तक राज्य राष्ट्रपति शासन के तहत संचालित है। वहीं हाल के महीनों में अपेक्षाकृत शांति का एक मुख्य कारण यह भी है कि कई आतंकवादियों ने राज्य के अधिकारियों की अपील के जवाब में लूटे गए हथियार कानून प्रवर्तन एजेंसियों को लौटाए हैं। निश्चित रूप से हाल ही में हुआ समझौता लंबे समय से अशांत चल रहे मणिपुर के हित में एक स्वागत योग्य कदम ही कहा जाएगा। इसके बावजूद कुछ पेचीदा मुद्दे अभी भी सुलझाने बाकी हैं।

# मोदी की चीन व जापान यात्रा के वैश्विक प्रभाव क्या पड़ेंगे?

**कमलेश पांडे**

पीएम की इस यात्रा से साफ पता चलता है कि दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने को आतुर भारत अब अपनी रणनीतिक स्वायत्तता के हिसाब से अमेरिका और चीन के साथ गिव एंड टेक के रिश्ते रखते हुए रूस के साथ अपने भरोसेमंद रिश्तों को और प्रगाढ़ बनाना चाहता है।

अमेरिका से गहराते आर्थिक व नीतिगत तनाव के बीच भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया चीन-जापान यात्रा के अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मायने बेहद अहम हैं और प्रतिरक्षा रणनीतियों व विकास के लिहाज से भारत के प्रति इसके दुनियावी असर भी बेहद महत्वपूर्ण और कारगर साबित होंगे। ऐसा इसलिए कि पीएम मोदी की इस यात्रा के माध्यम से जहां चीन से द्विपक्षीय सम्बन्धों में गर्माहट आई है, वहीं जापान से पहले से चले आ रहे मधुर सम्बन्धों को और अधिक मजबूती मिली है और कारोबारी विकास का मार्ग प्रशस्त होने के आसार बढ़े हैं।

पीएम की इस यात्रा से साफ पता चलता है कि दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने को आतुर भारत अब अपनी रणनीतिक स्वायत्तता के हिसाब से अमेरिका और चीन के साथ गिव एंड टेक के रिश्ते रखते हुए रूस के साथ अपने भरोसेमंद रिश्तों को और प्रगाढ़ बनाना चाहता है।

वहीं, अमेरिकी, चीनी और पाकिस्तान परस्त अरब देशों की भावी चुनौतियों का मजबूती पूर्वक सामना करने के लिए दूसरी पंक्ति के देशों, यथा- जापान, इजरायल, फ्रांस, जर्मनी, इंग्लैंड, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, ईरान आदि के साथ मजबूत रणनीतिक सम्बन्ध विकसित करना चाहता है। वहीं, द्विपक्षीय व्यापार हेतु फ्री ट्रेड अग्रीमेंट करने की रणनीति पर भी भारत अमल कर रहा है। इस नजरिए से पीएम मोदी की जापान यात्रा भी बहुत फायदेमंद रही है।

वहीं, चीन के तियानजिन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से पीएम मोदी की मुलाक़ात बेहद सकारात्मक बताई गई है। यहीं पर आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ मोदी ने जो गर्मजोशी दिखाई, वह शेष दुनिया के लिए एक व्यापक संकेत है। इसके अलावा, मोदी, पुतिन और जिनपिंग की त्रिपक्षीय मुलाकात के हास्य हाव-भाव वाले फ़ोटो ने पश्चिमी दुनिया के नेताओं की नींद उड़ा डाली है। दरअसल, वैश्विक दुनियादारी में हर वक्त खरे उतरे भारत-रूस सम्बन्धों में दरार डालने की जो अमेरिकी चाल चली गई, उसके साइड इफेक्ट्स स्वरूप भारत-चीन ने जो सूझबूझ प्रदर्शित किया है, उससे अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिज्ञों की बोलती बंद हो चुकी है।

देखा जाए तो प्रधानमंत्री मोदी की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ जो द्विपक्षीय मुलाक़ात हुई, इससे दोनों के आपसी रिश्तों में जमी बर्फ कुछ पिघलती प्रतीत हुई है। यह भारत के लिए एक शुभ संकेत है। तभी तो पीएम मोदी के साथ बैठक में शी जिनपिंग ने दो टूक कहा है कि वैश्विक परिदृश्य बदल रहा है। इसलिए दोनों देशों का साथ आना लाजिमी है। इस हेतु जारी कोशिशों को बढ़ावा मिलना दोनों देशों के लिए हित बर्द्धक रहेगा।

कहना न होगा कि चीन और भारत सिर्फ़ प्राचीन सभ्यताएँ ही नहीं, बल्कि दुनिया के दो सबसे अधिक आबादी वाले देश हैं, जो ग्लोबल साउथ के प्रमुख स्तम्भ हैं। इसलिए दोनों देशों के लिए यह अहम है कि वो अच्छे संबंध रखने वाले दोस्त बने रहें और ऐसे साझेदार बनें जो एक-दूसरे की सफलता में योगदान करें। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही कहा है कि दोनों देशों के बीच सहयोग से 2.8 अरब लोगों के हित जुड़े हुए हैं। भारत चीन के साथ अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

देखा जाए तो अमेरिका द्वारा भारत को घेरने के लिए जिस अब्राहम परिवार यानी ईसाई-यहूदी-मुस्लिम की एकता पर बल दिया जा रहा है, वह यदि सफल होता है तो चीन और दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों का साथ भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण और तलबगार हो जाएगा, क्योंकि यहां हिन्दू धर्म से निकले बौद्ध धर्म का प्रभाव ज्यादा है।

यूँ तो मोदी-जिनपिंग की मुलाक़ात ऐसे समय पर हुई है, जब भारत 50 फ़ीसदी अमेरिकी टैरिफ़ से उपजे आर्थिक दबाव का सामना कर रहा है, क्योंकि इस टैरिफ़ से भारत के निर्यात क्षेत्र पर अच्छा-ख़ासा असर पड़ेगा। जबतक कि वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो जाए। इसलिए अब भारत और चीन भी आपसी सीमा विवादों के तल्खी भरे अतीत के उलट अपने संबंधों को एक नया स्वरूप देने पर लगातार ज़ोर दे रहे हैं। जिसके लिए पिछले 6 माह से कवायद तेज है।

इस बात में कोई दो राय नहीं कि भारत और चीन दोनों देशों के बीच संबंध, मौजूदा वक़्त में दुनिया में हो रहे बदलावों पर निर्भर करते हैं और इन रिश्तों में मोदी की चीन यात्रा एक मोड़ है, क्योंकि भारत और चीन दुनिया की पाँच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं। अभी तक चीन दूसरे और भारत चौथे पायदान पर खड़ा है। हालांकि भारत शीघ्र ही दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने को ततपर है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ़) के अनुसार, 5 ट्रिलियन डॉलर के शेयर बाज़ार के साथ भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की राह पर है, जबकि चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है।

चूंकि दुनिया ने चीन और अमेरिका के संबंधों को बहुत अहमियत दी है। इसलिए अब वक़्त आ गया है कि दोनों देश सिर्फ इस बात पर ध्यान दें कि दुनिया की दूसरी और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ यानी चीन और भारत, कैसे एक साथ काम कर सकते हैं। हालांकि, दोनों देशों के बीच संबंध में एक बड़ी चुनौती सीमा विवाद भी है। ऐसा इसलिए कि भारत और चीन के बीच लंबे समय से अनसुलझा सीमा विवाद भी रहा है।

हालांकि, दोनों देश आपसी विवादों को मिटाना चाहते हैं। विगत छह महीनों में भारत-चीन के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू करने की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। कैलाश-मानसरोवर यात्रा भी शुरू हो चुकी है। इसके अलावा, वीज़ा में और ढील दी जा सकती है और अन्य व्यापारिक समझौतों पर भी हस्ताक्षर हो सकते हैं। वहीं, जो देश दक्षिण एशिया में स्थिरता के लिए भारत और चीन को उम्मीद भरी निगाहों से देखते हैं, उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए इन दोनों देशों के बीच आपसी संवाद होते रहना चाहिए। क्योंकि सीमा पर तकरार के अलावा भी दोनों देशों के बीच कई विवाद हैं। इनमें भारत में रह रहे तिब्बत के बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा और ब्रह्मपुत्र को लेकर विवाद प्रमुख हैं। पीओके और अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीनी नजरिया भी भारत के लिए अस्वीकार्य है।

रही बात, चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना बनाने की, तो भारत इससे बहुत खुश नहीं है। इसी तरह पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव में चीन की गुप्त भूमिका भी इन संबंधों के लिए एक गम्भीर चुनौती है। इसके अलावा,
हाल के दिनों में पड़ोसी देशों के साथ भारत के उतने अच्छे संबंध नहीं रहे। जबकि चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और अफ़ग़ानिस्तान का प्रमुख व्यापारिक साझेदार बन गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने तियानजिन हवाई अड्डे पर उतरने के बाद अपनी तस्वीरें पोस्ट कीं और लिखा कि वह एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान विभिन्न देशों के नेताओं से मिलने के लिए उत्सुक हैं। ऐसा इसलिए कि भले ही एससीओ का प्रभाव सीमित है और इसमें शामिल देशों के बीच संबंध बहुत अच्छे नहीं हैं। फिर भी मोदी सरकार एक सार्थक पहल करने की इच्छुक है। पिछले वर्ष कजान में राष्ट्रपति शी के साथ मोदी की मुलाकात के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में स्थिर और सकारात्मक प्रगति हुई है।

भारत तो रूस के साथ साथ चीन व अन्य एससीओ सदस्य देशों के साथ आपसी रिश्ते में सुधार हेतु प्रयत्नशील है। लेकिन कैसे ये संबंध बहुत आगे तक जाएँगे, इसकी बहुत गुंजाइश बनानी पड़ेगी। वैसे तो, भारत और चीन के बीच व्यापारिक संबंध बहुत गहरे हैं। भारत और चीन के बीच वर्तमान में 100 अरब डॉलर से अधिक का व्यापार जारी है। भारत इसे और बढ़ाने के साथ-साथ चीन से टेक्नोलॉजी के ट्रांसफ़र की भी इच्छा रखता है। ऐसे में सीधा सवाल है कि भारत और चीन एक दूसरे से क्या चाहते हैं? तो जवाब होगा कि भले ही भारतीय प्रधानमंत्री मोदी पिछले कई सालों से एससीओ की बैठकों में शामिल नहीं हुए थे। लेकिन उन्होंने अपने मंत्रियों को इस बैठक में अवश्य भेजा था।

वहीं अब, जब अमेरिका के साथ भारत के संबंध तनावपूर्ण हो गए, तो भारत उन्हें यह दिखाना चाहता है कि उसके पास और भी अधिक विकल्प हैं। यह ठीक है कि भारत और अमेरिका के बीच तनाव की वजह वो अमेरिकी कंपनियाँ हैं जो भारत में काम कर रही हैं, और जिसकी वजह से नौकरियाँ अमेरिका से बाहर जा रही हैं। लेकिन भारत ने राष्ट्रपति ट्रंप को पाकिस्तान के साथ युद्धविराम का श्रेय नहीं दिया और रूस से तेल ख़रीदने जैसे मुद्दों से भी ट्रंप नाराज़ हैं।

इस बात में कोई दो राय नहीं कि भारत और चीन के बीच एक रणनीतिक संघर्ष चल रहा है और यह लंबे समय तक चलेगा। क्योंकि भारत की वैश्विक शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा है और वह चीन को इस दौड़ में अपना प्रतिद्वंद्वी और बाधा मानता है। ठीक उसी तरह से जैसे अमेरिका भारत को। चूंकि भारत के पास चीन के साथ रणनीतिक साझेदारी की कोई संभावना नहीं है और अंततः भारत को अपने लक्ष्यों को पाने के लिए लिए पश्चिमी खेमे के प्रति पुराने रुख़ पर ही काम करना होगा।

वहीं, गुटनिरपेक्ष भारत की अपनी प्रतिरक्षात्मक नीतियाँ हैं। कभी वो अमेरिका के बहुत क़रीब चला जाता है और कभी बहुत दूर चला जाता। इससे क्षेत्र के सभी देशों के साथ उसके संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं। चूंकि मोदी पांच सालों से चीन नहीं गए, इसलिए केवल किसी विशेष संदर्भ में जाकर वे कोई ख़ास बदलाव नहीं ला सकते। बावजूद इसके पीएम मोदी ने एक सकारात्मक पहल की है, जिसके दूरगामी प्रभाव पड़ेंगे।


जहां तक पीएम नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा की बात है तो इससे पहले भी वो 7 बार जापान जा चुके हैं, लेकिन 7 साल बाद अब एक ऐसा संयोग बना जब किसी और मकसद नहीं, बल्कि खासतौर पर द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत करने के लिए पीएम टोक्यो गए थे। चूंकि, दोनों देशों के बीच गहरी व्यापारिक, तकनीकी और रणनीतिक साझेदारी है, जिसे भारतीय प्रधानमंत्री ने इस यात्रा के जरिये नए क्षेत्रों में बढ़ाया जा सकता है।

वहीं, भारत-जापान इकॉनमिक फोरम में पीएम मोदी ने दो टूक कहा कि मैन्यूफैक्चरिंग, टेक्नॉलजी, इनोवेशन, ग्रीन एनर्जी और स्किल डिवेलपमेंट जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने की अपार संभावना है। इसलिए जापानी कंपनियों को भारत में और निवेश करना चाहिए। चूंकि भारत के पास इस समय दुनिया की सबसे बड़ी कामकाजी युवा आबादी है,और जापान के पास तकनीकी दक्षता है। लिहाजा, दोनों मिलकर विकास की नई कहानी लिख सकते हैं।

भारत-जापान रिश्ते को अगर आंकड़ों में देखें, तो दोनों देशों के बीच 2023-24 में 22.85 अरब डॉलर का व्यापार हुआ। जापान ने भारत में 40 अरब डॉलर से अधिक निवेश किया है। 1400 जापानी कंपनियां भारत में रजिस्टर्ड हैं और इनमें से करीब आधी मैन्युफैक्चरिंग फर्म हैं। जापान की ऑटोमोबाइल कंपनियों ने भारत में अपना जैसा दबदबा कायम किया है, उसे उदाहरण की तरह लेना चाहिए। जापान की सुजुकी, टोयोटा और होंडा के पास भारतीय वाहन बाजार में करीब 50त्न हिस्सा है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3643




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरण:



काकुरो - 3642 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक औरत का पति मर गया। वह बीमा कंपनी के ऑफिस जाकर मैनेजर से बोली- मैनेजर साहब, मेरे पति गुजर गए हैं। उनके बीमे का रुपया दिलवाइए।
मैनेजर बोला- इस घटना को सुनकर बहुत दुःख हुआ।
औरत बोली- जरूर हो रहा होगा। मर्दों का हर जगह यही हाल है। जब भी औरत को चार पैसे मिलने का मौका आता है, उन्हें बड़ा दुःख होता है।

□ □ □

नरेश की शादी एक अनपढ़ महिला से हो गई। शादी की पहली रात वह पति से बोली- आप तो बड़े ही अच्छे और दयालु इंसान हो जी। आपने तो मेरा उद्धार ही कर दिया।
इस पर नरेश ने कहा- ऐसी कोई बात नहीं है।
पत्नी बोली- मेरी भाभी और मेरी चाची हमेशा मुझे प्रताड़ित करती रहती थी और कहती थी कि तेरे जैसी मूर्ख से तो कोई गधा ही होगा जो शादी करके तेरा उद्धार करेगा।

□ □ □

एक बार मिस्टर चमन चित्र प्रदर्शनी देख रहा था।
एक जगह रुक कर उसने कहा- छि:!!! क्या इसे आप मॉडर्न आर्ट कहते हैं?
संचालक- जी नहीं श्रीमान, आप गलत समझ रहे है। इसे तो हम आईना कहते हैं।

## फिल्म वर्ग पहेली- 3643



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, अमृता की 'मैं माटी का गुड्डा' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता की फिल्म-२
५. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीतवाली फिल्म-३
७. 'धीरे धीरे आप मेरे दिल में' गीत वाली आमिर, जूही की फिल्म-२
९. धर्मेन्द्र, सुनीलदत्त, संजय, सनी, रवीना, दिव्या की बहु सितारा फिल्म-३
१०. 'कोयल सी तेरी बोली' गीत वाली फिल्म-२
११. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
१२. 'फूल माँगूं ना' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'आजा जाने जाँ' गीतवाली सुनील शेट्टी, सोमी अली की फिल्म-२
१६. 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली देव आनंद, हेमा की फिल्म-४
२२. जीतेंद्र, संजयदत्त, जूही की 'ढूंढ रही थी' गीत वाली फिल्म-४
२५. सनी वाली फिल्म 'जाल' में तब्बू के साथ दूसरी नायिका-२
२६. दिलीप, रेखा, ममता की फिल्म-२
२७. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली संजय, सलमान, रवीना की फिल्म-२
२९. 'नशा ये प्यार का नशा है' गीत वाली फिल्म-२
३०. अल्ताफ रजा के गीत 'पीलो प्यार दी विस्की' वाली फिल्म-२
३१. सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
३३. 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
३५. अमिताभ, परवीन की 'आदमी जो कहता है' गीत वाली फिल्म-४
३६. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'हय्या हू' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-४
२. एलबम 'मैं भी मैडोना' का गायक ?-२
४. 'शहर की लड़की' गीत वाली फिल्म-३
५. नासिर खान, मीनाकुमारी की फिल्म-३
६. अमिताभ वाली 'याराना' की नायिका ?-२
८. 'कुर्बानी' में फिरोज की नायिका ?-३
१३. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली फिल्म-३
१४. अनिल, जूही, करिश्मा की फिल्म-३
१५. अरविंद स्वामी, मधु की 'दिल है छोटा सा' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख, पूनम की फिल्म-२
१९. 'एहसास' में सुनील शेट्टी की नायिका-२
२०. फिल्म 'मदर इंडिया' में शीर्षक भूमिका किसने की थी ?-३
२१. अनिल, मीनाक्षी की 'जिंदगी हर कदम' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. गोविंदा, नीलम की 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-३
२७. उमादेवी के गाये 'अफसाना लिख रही हूँ' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'तितली उड़ी' गीत राजेंद्रकुमार की किस फिल्म का है-३
२९. जीतेंद्र, रणधीर, राकेश, रेखा की फिल्म-३
३०. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीतवाली फिल्म-३
३२. विवेक, दीया मिर्जा की फिल्म-२
३४. अमिताभ की 'खाइके पान' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3642



## सूडोकु -3643




- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु -3642 का हल



## शब्द पहेली - 3643



**बाएँ से दाएँ**

1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**

1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

शब्द पहेली -3642 का हल



# पीपीपी या प्राधिकरण खुद बनाएगा मथुरा की हेरिटेज सिटी

## दोनों आप्शन के लिए बनाई गई समिति, 735 एकड़ में की जानी है विकसित




**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में विकसित होने वाली राया हेरिटेज सिटी कई तरह की आधुनिक सुख-सुविधाओं से सुसज्जित होगी। पिछली बोर्ड में हेरिटेज सिटी को बनाने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी गई थी। इस बोर्ड में हेरिटेज सिटी बनाने के लिए दो आप्शन पर बातचीत की गई। पहला इसे पीपीपी मॉडल बनाया जाए या प्राधिकरण जमीन प्रिक्योर करके खुद इसे डेवलप करे। इसके लिए एक कमेटी बना दी गई। अध्ययन करने बाद इस प्लान को दोबारा से बोर्ड में रखा जाएगा। मथुरा के वृंदावन बांके बिहारी मंदिर को यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए जीरो पॉइंट से 101 किलोमीटर पर बनाए जाने वाली 6.9 किलोमीटर लंबे ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे के किनारे 735 एकड़ में विकसित होने वाली हेरिटेज सिटी का खाका पहले ही तैयार कर लिया गया है। यमुना प्राधिकरण की हेरिटेज सिटी से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने की तैयारी है। मथुरा, वृंदावन और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अलावा फिल्म सिटी इसमें अहम भूमिका निभाएंगे।
यमुना एक्सप्रेसवे पर सफर करने वालों के लिए हेरिटेज सिटी पर्यटन का मुख्य स्थल होगा। वहीं, वृंदावन को यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण होगा। पहले फेज में विकास कार्यों पर छह हजार करोड़ और जमीन खरीद में 1200 करोड़ रुपए खर्च होंगे। फेज दो का मास्टर प्लान 2031 पर काम शुरू करने के लिए प्राधिकरण हेरिटेज सिटी के लिए जमीन क्रय की प्रक्रिया शुरू होगी। 1082 हे. जमीन क्रय की जाएगी। इसमें 735 एकड़ में हेरिटेज सिटी विकसित होगी।

### हेरिटेज सिटी में यह भी खास होगा

थीम आधारित हेरिटेज सेंटर – 350 एकड़
योगा, वेलनेस सेंटर व नेचुरोपैथी – 103 एकड़
ग्रीन पार्क – 97 एकड़
टूरिस्ट ट्रेवल फैसिलिटी–46 एकड़
कन्वेंशन सेंटर – 42 एकड़
आयुर्वेदा – 35 एकड़
स्टार होटल – 26 एकड़
बजट होटल – 19.60 एकड़

### आगरा मास्टर प्लान कराएंगे वेट

वहीं न्यू आगरा के लिए बनाए गए मास्टर प्लान के ड्राफ्ट को अहमदाबाद स्थित एजेंसी या स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर दिल्ली से उसका परीक्षण कराया जाएगा। जिसके बाद दोबारा से बोर्ड में लाया जाएगा। यहां से पास होने के बाद आगे की प्रक्रिया की जाएगी। यमुना प्राधिकरण ने न्यू आगरा का जो मास्टर प्लान तैयार किया है उसके तहत आगरा जिले के यीडा में अधिसूचित 58 गांव की 12200 हेक्टेयर में न्यू आगरा अर्बन सेंटर का विकास होगा। इसमें 14.6 लाख लोगों के बसाने के लिए सुविधाएं विकसित की जाएंगी। पर्यटन, उद्योग व वाणिज्यिक सुविधाओं के विकास से 8.5 लाख लोगों के लिए रोजगार सृजन होगा।

# किसानों की मांगों पर 12 सितंबर को जेवर में महापंचायत

## 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा समेत कई मुद्दों पर होगी चर्चा



**जेवर।** भारतीय किसान यूनियन (महासभा) ने जेवर तहसीलदार ओमप्रकाश पासवान को शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा। इसमें किसानों की लंबित मांगों के समाधान के लिए 12 सितंबर को जेवर छोटे टोल पर महापंचायत का प्रस्ताव रखा गया है।
यूनियन ने यमुना विकास प्राधिकरण से प्रभावित गांवों के किसानों के लिए कई मांगें रखी हैं। इनमें 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा और पात्र किसानों को 10 प्रतिशत आबादी प्लॉट शामिल हैं। साथ ही टोल मुक्त सुविधा, यमुना एक्सप्रेसवे पर एग्जिट का निर्माण और सर्विस रोड की शुरुआत की मांग भी की गई है। संगठन का कहना है कि इन समस्याओं का समाधान वर्षों से नहीं हो रहा है। महापंचायत में क्षेत्र के हजारों किसान और ग्रामीण शामिल होंगे। यूनियन ने मांग की है कि महापंचायत में उपजिलाधिकारी, पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, यमुना प्राधिकरण के अधिकारी और जेवर टोल प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहें। संगठन ने कहा है कि अगर मांगों पर कार्रवाई होती है तो महापंचायत पर पुनर्विचार किया जा सकता है। कार्यक्रम में राजू मास्टर, आलम भाई, सुलेमान भाई, अबरार, नाज़िम और रामवीर ठेकेदार समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### यमुना नदी में नहाते समय डूबा छात्र

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के मेहंदीपुर बांगर गांव का 17 वर्षीय फरीद यमुना नदी के डूब इलाके में डूब गया। शनिवार दोपहर को फरीद अपने कुछ दोस्तों के साथ नहाने गया था। फरीद ट्यूब के सहारे नहा रहा था। अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया। वह गहरे पानी में चला गया और लापता हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोर और पुलिस बचाव दल भी तलाश में जुटे हैं। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। प्रशासन लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहा है। परिजन बेटे की सकुशल वापसी की उम्मीद लगाए बैठे हैं। यमुना के डूब क्षेत्रों में हर साल ऐसी घटनाएं होती हैं। फिर भी प्रशासन की ओर से न तो चेतावनी दी जाती है और न ही निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

# नाबालिग को अगवा करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## ग्रेटर नोएडा में पड़ोसी युवक बहलाकर भगा ले गया था



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा की ईकोटेक-1 कोतवाली पुलिस ने एक नाबालिग किशोरी के अपहरण के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने किशोरी को भी सकुशल बरामद कर लिया है। आरोपी प्रीतम उर्फ बादल बिहार का रहने वाला है।
एक महीने पहले आरोपी पीड़िता को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। पीड़िता के परिवार ने कोतवाली में मामला दर्ज कराया था। आरोपी पीड़िता के पड़ोस में रहता था और ग्रेटर नोएडा में नौकरी करता था।
कोतवाली प्रभारी अरविंद वर्मा ने बताया कि आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया है। किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। उसके बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रेटर नोएडा में यमुना का पानी लतीफपुर गांव में घुसा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र स्थित लतीफपुर गांव में यमुना नदी का पानी घुस गया है। यमुना के बांध के किनारे बसे इस गांव की आबादी लगभग 4500 है। गांव में स्थित दो सरकारी और एक अर्धसरकारी स्कूल में पानी भर गया है। इससे करीब 200 छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हुई है।
गांव की गलियों और घरों में पानी भर जाने से बच्चे और महिलाएं घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार घरों में विषैले जंतु भी घुस रहे हैं।
गांव के बाहरी छोर पर रहने वाले उमेश कुमार, कमल सिंह, महेंद्र और सोनपाल शर्मा सहित करीब 10 परिवारों को अपने घर छोड़कर अन्य जगह शरण लेनी पड़ी है। कुछ घरों में दरारें आ गई हैं और उनके गिरने का खतरा है।
किसानों की हजारों बीघा धान की फसल जलमग्न होकर नष्ट हो गई है। बोंगे और बिटोरे भी गिर चुके हैं। वर्ष 2023 में भी यमुना का जलस्तर बढ़ने से गांव में पानी घुसा था और कई घरों में दरारें आई थीं। लेकिन इस बार स्थिति पिछले साल से भी ज्यादा गंभीर है। प्रशासन यमुना नदी के जलस्तर पर नजर रखे हुए है।
जहां एक ओर स्थानीय लोग परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर आसपास के गांवों और दूर-दराज से लोग यमुना के बढ़े जलस्तर को देखने और फोटो खिंचवाने पहुंच रहे हैं।

# मुंबई में ब्लास्ट की धमकी, आरोपी नोएडा से गिरफ्तार

## बिहार का रहने वाला; वॉट्सएप पर लिखा था- 34 गाड़ियों में 400 किलो विस्फोटक लगाया



**नोएडा/मुंबई।** मुंबई में गणेश उत्सव के बीच ब्लास्ट की धमकी देने वाले शख्स को उत्तर प्रदेश के नोएडा से शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। 50 साल के आरोपी का नाम अश्विन कुमार सुप्रा है। बिहार के पटना का रहने वाला है और पिछले 5 साल से नोएडा में रह कर ज्योतिष और वास्तु शास्त्र का काम करता था।
आरोपी ने गुरुवार देर रात मुंबई पुलिस को वॉट्सएप पर धमकी भरा मैसेज भेजा था। उसने लिखा था, लश्कर-ए-जिहादी के 14 आतंकी मुंबई में घुस चुके हैं। आतंकियों ने 400 किलो आरडीएक्स 34 गाड़ियों में फिट कर दिया है। वे बड़ा ब्लास्ट करने वाले हैं, जिससे एक करोड़ लोगों की मौत हो सकती है।
धमकी मिलते ही मुंबई पुलिस ने हाईअलर्ट घोषित कर दिया और क्राइम ब्रांच को जांच सौंपी। एंटी-टेररिज्म स्क्वॉड और अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी अलर्ट थीं। जांच के दौरान मुंबई क्राइम ब्रांच नोएडा पहुंची और सेक्टर-79 की सोसाइटी से आरोपी को गिरफ्तार किया।

### आरोपी का मोबाइल जब्त, मुंबई ले जाया गया

क्राइम ब्रांच आरोपी को नोएडा से मुंबई ले गई है। पुलिस ने आरोपी का फोन और सिम कार्ड जब्त कर लिया है।। इसके अलावा उसके पास से 4 सिम कार्ड होल्डर, 6 मेमोरी कार्ड होल्डर, एक सिम स्लॉट एक्सटर्नल, दो डिजिटल कार्ड बरामद हुए हैं।
सूत्रों के मुताबिक, अश्विन ने पूछताछ में मुंबई पुलिस को बताया कि साल 2023 में वह फ्रॉड के एक केस में पटना के जेल में तीन महीने रहा था। तब फिरोज नाम के एक व्यक्ति ने उसके खिलाफ शिकायत की थी।
अश्विन ने बताया कि वह तब से ही फिरोज से बदला लेना चाहता था, इसलिए उसके नाम से मुंबई पुलिस को मैसेज भेजा था। हालांकि फिरोज कौन है, फ्रॉड का क्या मामला था, ये अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

# नोएडा में निवेश का मुनाफा दिखाकर 44 लाख ठगे

## तीन करोड़ का मुनाफा दिखाया था, सोशल मीडिया पर विज्ञापन देखा था, 15 दिन दी ट्रेनिंग



**नोएडा।** प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने वाले एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर विज्ञापन देखकर इन्वेस्टमेंट करने की 15 दिन ट्रेनिंग ली और 44 लाख रुपए साइबर ठगों के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए।
उन्हें रकम निवेश करने की जानकारी दी गई और 3 करोड़ रुपए मुनाफा दिखाया गया। जिसे निकालने के लिए 15 लाख रुपए टैक्स जमा करने की बात कही गई। पीड़ित ने और रुपए नहीं होने जानकारी दी तो उसे ग्रुप से बाहर कर दिया गया। फिर उसे ठगी का पता चला। इस मामले में पीड़ित ने साइबर थाने में केस दर्ज कराया है।

### ऐप डाउनलोड करवाया

पुलिस को सेक्टर 168 गोल्डन पाम सोसाइटी में रहने वाले आशुतोष झा ने बताया कि वह प्राइवेट कंपनी जॉब करते हैं। उन्हें इसी साल एक जुलाई को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक विज्ञापन देखा और साथ ही नीचे लिंक एक लिंक क्लिक कर बैठे थे।
यहां से उन्हें एक वॉट्सऐप ग्रुप पर जोड़कर ठगों ने झांसे में लिया और उन्हें फर्जी 15 दिन तक निवेश करने की ऑनलाइन ट्रेनिंग दी गई। पीड़ित को एक ऐप डाउनलोड कराया गया। जिस पर रजिस्ट्रेशन कराने के बाद छोटे अमाउंट में रकम निवेश कराई जाने लगी। पहले उन्होंने 30 हजार रुपए इन्वेस्ट किए, लेकिन यह रुपए ठगों के खातों में ट्रांसफर किया। पीड़ित ने 11 जुलाई से पांच अगस्त तक 25 बार में 43 लाख 86 हजार 900 रुपए ट्रांसफर कर दिए। वहीं, ऐप पर 3 करोड़ रुपए से अधिक रकम दिखाई देनी लगी तो पीड़ित ने उसे निकालने का प्रयास किया। जिस पर ठगों की ओर से 15 लाख रुपए टैक्स जमा करने की जानकारी दी गई। पीड़ित ने और रुपए नहीं होने की बात कही तो उसे वॉट्सऐप ग्रुप से बाहर कर दिया गया।

# ग्रेटर नोएडा में 15 साल का लड़का लापता

## रात में परिवार के साथ सोया था बेटा, पुलिस ने शुरू की तलाश

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में एक किशोर के लापता होने का मामला सामने आया है। गांव तीरथली निवासी सोनू के 15 वर्षीय बेटा मनीष मंगलवार रात को परिवार के साथ सोया था। रात में किसी समय वह अचानक गायब हो गया।
सुबह जब परिवार के सदस्य जागे, तो मनीष का बिस्तर खाली मिला। परिजनों ने तुरंत आसपास के इलाकों में उसकी तलाश शुरू की। सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन की गई। लेकिन मनीष का कहीं कोई पता नहीं चला।
शनिवार को परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने मनीष के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और किशोर की तलाश में जुट गई है।

### 1.8 करोड़ धोखाधड़ी करने वाला अरेस्ट

**नोएडा।** थाना साइबर क्राइम नोएडा पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसका नाम अभिनव त्यागी निवासी ग्रेटर नोएडा है। इसके पास से 4 मोबाइल फोन , 8 सिम कार्ड फर्जी रेंट एग्रीमेंट जीएसटी दस्तावेज आदि बरामद किया गया। एडीसीपी सेंट्रल साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि अभिनव त्यागी ने अपने एक साथी के साथ मिलकर कंपनी के अकाउंट सेक्शन में इनकम टैक्स रिटर्न, जीएसटी पोर्टल पर कार्य करते हुए लगभग 10 करोड़ रुपए के फर्जी इनवाइस बनाई। साथ ही 1.8 करोड रुपए का जीएसटी क्लेम कर धोखाधड़ी की। पैसा ट्रांसफर होने के साथ ये कंपनी से फरार हो गया। शक होने पर जांच की गई तो कंपनी के मालिक को इसकी जानकारी मिली। उन्होंने साइबर क्राइम पुलिस से मामले की शिकायत की। जांच पड़ताल में गड़बड़ी मिलने पर टीमों का गठन किया गया। जिसके बाद शनिवार को अरोपी को ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार किया गया। इसके साथी को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। इसके लिए टीम लगी है।

# नोएडा में युवक ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

## बीपीओ में करता था काम, मरने से पहले सोशल मीडिया पर किया पोस्ट

**नोएडा।** फेज-तीन थाना क्षेत्र स्थित मामूरा गांव में रहने वाले एक बीपीओ कर्मी ने फंदे पर लटककर जान दे दी। मरने से पहले युवक ने सोशल मीडिया पर मानसिक रूप से परेशान बताकर परिजन को सूचना दी। शनिवार को नोएडा पहुंचे परिजन पोस्टमॉर्टम के बाद शव को पश्चिम बंगाल ले गए। पुलिस के मुताबिक, पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिला निवासी राहुल पिछले छह माह से मामूरा की गली नंबर दो स्थित मिश्रा पीजी के कमरा नंबर 204 में रहता था।

### दोस्त के साथ लिया था कमरा

वह एक कॉल सेंटर में काम करता था। कमरे में उसके साथ एक दोस्त रहता था। शुक्रवार शाम दोस्त कमरे पर नहीं था। रात में जब दोस्त कमरे पर पहुंचा तो राहुल फंदे पर लटका हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने इसकी सूचना परिजन को दी। परिजन ने पुलिस को बताया कि उसने आत्महत्या करने से कुछ देर पहले इंस्टाग्राम पर संदेश छोड़ा था। उसमें बताया था कि वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा है। वहीं, राहुल के दोस्त ने पुलिस को बताया कि वह एक युवती से प्रेम भी करता था। अक्सर फोन पर बात करता था। पुलिस संभावना जता रही है कि प्रेम-प्रसंग के चलते ही राहुल ने आत्महत्या की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम के बाद राहुल के शव को उसके परिजन को सौंप दिया है।

# शार्ट न्यूज

### शिक्षामित्रों ने सीएम को ज्ञापन भेजा

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ने शिक्षक दिवस पर अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाई। शिक्षामित्रों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजा। प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में पिछले 25 वर्षों से शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षामित्रों को मात्र 10 हजार रुपये मासिक मानदेय मिल रहा है। ये शिक्षामित्र स्नातक, बीटीसी, टीईटी व सीटीईटी की योग्यता रखते हैं। वर्तमान महंगाई में इतनी कम राशि से परिवार का भरण-पोषण करना कठिन हो गया है। इस कारण प्रदेश के शिक्षामित्र आर्थिक और मानसिक तनाव से जूझ रहे हैं। जिला अध्यक्ष जगवीर भाटी के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी श्री वेद प्रकाश पांडे को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर रवि करण, बालकिशन शर्मा, नरेश खारी, सनोज कुमार, रजनी शर्मा और लक्ष्मी सहित अन्य शिक्षामित्र मौजूद रहे।

### कॉन्स्टेबल ने कार चालक को धमकाया

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र में एक पुलिसकर्मी का शर्मनाक व्यवहार सामने आया है। एलजी गोल चक्कर पर एक कार चालक से अभद्रता करते हुए पुलिसकर्मी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वीडियो में पुलिसकर्मी शराब के नशे में दिख रहा है। उसने कार चालक को रोका और धमकी दी। पुलिसकर्मी ने अपना नाम सुनील कुमार बताते हुए कार चालक को गोली मारने की धमकी दी। कार चालक ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया। सूत्रों के अनुसार, यह पुलिसकर्मी पहले भी कई वाहन चालकों के साथ दुर्व्यवहार कर चुका था। वह बिना किसी कारण लोगों को परेशान कर रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की। डीसीपी हेड क्वार्टर प्रवीन रंजन ने बताया कि पुलिसकर्मी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उसके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।

### 40 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं सुचिता के साथ आयोजित हो रही है प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा-2025

**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)–2025 आज प्रथम दिन जनपद गौतमबुद्धनगर के 40 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित हुई। परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुचिता के साथ सम्पन्न कराए जाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने बालक इंटर कॉलेज, ग्रेटर नोएडा परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने परीक्षा केंद्र परिसर, अभ्यर्थियों हेतु उपलब्ध कराई गई मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, शौचालय आदि का अवलोकन किया। साथ ही, परीक्षा कक्षों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा व्यवस्था तथा प्रवेशङ्कनिकास द्वार की चाक-चौबंद व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा अवधि में सभी व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी रखी जाए तथा किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए।

### लोगों का बिल्डर प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित महागुन माईवुड्स सोसाइटी के फ्लैट खरीदारों और लोगों ने बिल्डर की लापरवाहियों से परेशान होकर शनिवार को सोसाइटी परिसर में प्रदर्शन किया। खरीदारों का आरोप है कि बिल्डर ने पूरे पैसे लेने के बावजूद खरीदारों को अभी तक घर नहीं दिए। माहगुन निवासी कृष्णा नंद ने बताया कि जिन लोगों को घर मिले है उनके टावर्स की ओसी, सीसी बिल्डर ने अभी तक नहीं ली है। टावर्स का काम अभी अधूरा पड़ा है। पूरा पैसा बिल्डर को देने के बाद भी फ्लैट की रजिस्ट्री तक नहीं हो पाई है। जबकि खरीदारों ने सरकारी फीस, स्टांप ड्यूटी तक जमा कर दी है।सबवेंशन स्कीम के खरीदार को तो जो किस्तें बिल्डर ने बैंक को अदा करनी थी वह किस्तें भी खुद चुकानी पड़ रही हैं। जिन लोगों को यहां फ्लैट मिल चुके हैं, उन्हें लिफ्ट का रखरखाव ठीक से न होने के कारण जान जोखिम में डाल कर लिफ्ट का प्रयोग करना पड़ता है।

### मानदेय नहीं मिलने पर आंगनबाड़ी कर्मियों ने शिकायत की

**नोएडा।** पोलियो अभियान के आठ महीने का मानदेय नहीं मिलने पर आंगनबाड़ी कर्मियों ने सीएम पोर्टल पर शिकायत की है। अभियान के तहत 750 आंगनबाड़ी कर्मियों ने काम किया था। महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने मानदेय दिलाने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक गुहार लगाई है। पिछले साल 8 दिसंबर 2024 से एक सप्ताह के लिए पल्स पोलियो अभियान चलाया गया था। प्रत्येक कर्मी 70 रुपये प्रतिदिन के अनुसार मानदेय मिलना था। प्रत्येक को औसतन छह सौ रुपये मिलने हैं। सीएमओ नरेंद्र कुमार ने बताया कि विभाग को शासन से बजट प्राप्त नहीं हुआ है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने के कारण मार्च 2024 में बजट वापस भेजने का आरोप निराधार है।बकाया राशि का भुगतान करवाने के लिए विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से पत्राचार किया गया है।

### मोबाइल लूटने वाले को लोगों ने पकड़ा

**ग्रेटर नोएडा।** मलकपुर में बाइक सवार दो बदमाशों ने शुक्रवार शाम एक युवक से मोबाइल लूट लिया। शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि दूसरा फरार हो गया। ग्रामीणों ने पकड़े गए आरोपी को पुलिस को सौंप दिया है। ग्रेटर नोएडा के लखनावली गांव के रहने वाले निखिल शुक्रवार शाम गांव के बाहर घूम रहे थे। डीएम आवास के पास पहुंचे तभी पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने उनका मोबाइल फोन छीन लिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। घटना की सूचना परिजनों को दी। इस बीच बाइक सवार बदमाश वापस घूमकर आए तो पीड़ित ने उन्हें पहचान लिया और शोर मचा दिया।इस पर ग्रामीणों ने आरोपियों को घेर लिया। इस दौरान एक आरोपी मौका पाकर भाग गया। ग्रामीणों का कहना है कि पकड़े गए आरोपी के पास से 30 से अधिक मोबाइल बरामद हुए हैं।

### चिकित्सक के घर चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर-70 स्थित चिकित्सक के घर से साइकिल और घड़ी समेत अन्य सामान चुराने वाले चोर को फेज तीन थाने की पुलिस ने सेक्टर-71 डंपिंग ग्राउंड के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी की साइकिल, वारदात में इस्तेमाल होने वाले उपकरण और चाकू समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। आरोपी की पहचान रबुपुरा के करौली गांव निवासी जतिन मौर्य के रूप में हुई है। उसके खिलाफ जिले के अलग-अलग थानों में सात केस विभिन्न धाराओं में दर्ज हैं। 20 वर्षीय जतिन अनपढ़ है और वर्तमान में सेक्टर-122 के श्रमिक कुंज में रह रहा है। बीते माह उसने चिकित्सक के घर में चोरी की वारदात की थी।पुलिस जतिन के अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।

### कंपनी को 50 लाख रुपये का नुकसान पहुंचाया

**नोएडा।** सेक्टर-65 में इलेक्ट्रिक उत्पाद बनाने वाली एक निजी कंपनी से धोखाधड़ी कर 50 लाख रुपये का नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। कंपनी प्रतिनिधि ने फेज-तीन थाने में कार्यकारी एचआर, ठेकेदार और सुपरवाइजर सहित अन्य कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कंपनी के प्रतिनिधि गौरव गौतम ने पुलिस को बताया कि वह कंपनी में एडमिन एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत हैं। उनकी कंपनी इलेक्ट्रिक उपकरण तैयार करती है। उनका आरोप है कि कंपनी में एचआर एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत सुघेश सोलंकी, ठेकेदार-सुपरवाइजर हैप्पी यादव और अन्य कर्मियों ने मिलकर डाटा की चोरी कर हेराफेरी की। आरोपियों ने कंपनी की आंतरिक प्रक्रिया का दुरुपयोग किया।फर्जी दस्तावेजों और झूठे कार्य रिकॉर्ड के आधार पर लगभग 50 लाख रुपये का नुकसान पहुंचाया। आरोपियों ने कंपनी में नकली कर्मचारी दिखाकर वेतन का भुगतान करा दिया गया। यह गड़बड़ी दो जून को पकड़ी गई। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# माला नदी किनारे टंकी निर्माण बना सफेद हाथी

## कई लाखों रुपये खर्च के बावजूद ग्रामीणों को नहीं मिल रहा स्वच्छ जल

**बरखेड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना 'हर घर नल, हर घर जल' का लाभ बरखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पा रहा है। पिपरिया मंडल से खरगापुर मार्ग पर माला नदी के किनारे बनाई जा रही पानी की टंकी वर्षों से अधूरी खड़ी है। करोड़ों की लागत से बन रही यह टंकी अब सफेद हाथी बन चुकी है और शोपीस बनकर रह गई है।ग्रामीणों ने बताया कि जिस स्थान पर टंकी निर्माण कराया गया है, वह माला नदी के बेहद नजदीक है। हर साल बरसात के दिनों में यह पूरा क्षेत्र पानी में डूब जाता है। नतीजतन टंकी की नींव भी पानी में डूब जाती है और कभी भी बड़ी दुर्घटना



का कारण बन सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों ने आखिर ऐसी जगह पर निर्माण की अनुमति कैसे दी, जहां पहले से ही हर साल बाढ़ का खतरा बना रहता है। टंकी के अधूरे निर्माण के कारण ग्रामीणों को अब तक योजना का लाभ नहीं मिल सका है। कई गांवों में अब भी पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। लोग नलकूपों और हैंडपंपों पर निर्भर हैं, जबकि सरकार की योजना का उद्देश्य था कि हर घर तक शुद्ध पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

ग्रामीणों का कहना है कि लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी यह टंकी केवल दिखावा बनकर रह गई है। अब तक पानी की सप्लाई शुरू न होने से लोगों में नाराजगी है। उनका आरोप है कि निर्माण कार्य में लापरवाही और भ्रष्टाचार के चलते यह योजना विफल होती नजर आ रही है।

# सुभासपा का 12 को पटना में राष्ट्रीय अधिवेशन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सत्तारूढ़ सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले राज्य में अपनी राजनीतिक पैठ को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने बिहार के प्रमुख नेता डॉ. शशि भूषण प्रसाद को सुभासपा का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। डॉ. शशि भूषण प्रसाद इससे पहले लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश प्रवक्ता और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे।

लखनऊ में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में ओम प्रकाश राजभर के नेतृत्व में डॉ. शशि भूषण प्रसाद के साथ बिहार की विभिन्न पार्टियों के सैकड़ों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सुभासपा की सदस्यता ग्रहण की।

राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुण राजभर ने बताया कि पार्टी बिहार में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बड़े स्तर पर तैयारी कर रही है।

इस कड़ी में 12 सितंबर को पटना के रवींद्र भवन, वीरचंद्र पटेल पथ पर राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया जाएगा। साथ ही, किदवई नगर में इनकम टैक्स कार्यालय के समीप सुभासपा के नए कार्यालय का उद्घाटन भी होगा।

# जन्माष्टमी मेला देखकर लौट रहे दो दोस्तों की बाइक को कार ने मारी टक्कर

### गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को जिला अस्पताल रेफर किया गया



**बरखेड़ा।** जन्माष्टमी मेला देखकर लौट रहे दो दोस्तों की बाइक को शनिवार देर रात एक कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के ग्राम उमरिया-पैनिया निवासी दीनदयाल शर्मा पुत्र जानकी प्रसाद और कमलेश कुमार पुत्र छेदालाल शनिवार रात लगभग 11 बजे बरखेड़ा कस्बे में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेला देखकर घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक दौलतपुर रोड स्थित ताजिए मैदान के पास पहुंची, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर लगते ही दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ा पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि कार काफी तेज रफ्तार में थी, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस ने वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# गोरखपुर में कपड़ा व्यापारी के घर लगी आग

**गोरखपुर।** गोरखपुर में शनिवार सुबह 10 बजे थोक कपड़ा व्यापारी के घर में अचानक आग लग गई। आग की लपटें और धुएं ने पूरे घर को घेर लिया। फर्स्ट और सेकेंड फ्लोर पर रह रहे परिवार के 5 लोग फंस गए। घर के अंदर से चीख-पुकार मच गई। लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे। चीख पुकार सुनकर बाहर के लोगों ने फायर बिग्रेड को फोन किया। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने सभी को रेस्क्यू किया। इसके बाद उनको प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। मामला शाहपुर का है। फायर स्टेशन गोलघर के इंचार्ज शांतनू यादव ने बताया- 1 घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। आग ग्राउंड फ्लोर पर बने गोदाम लगी थी। जिससे परिवार के लोग घर में ही फंस गए थे। उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया है। अनूप बंका अपने घर से ही सिंथेटिक कपड़ों का कारोबार करते हैं। उनका मकान तीन मंजिला है। ग्राउंड फ्लोर पर गोदाम है, जबकि फर्स्ट और सेकेंड फ्लोर पर परिवार रहता है।

# ईद मिलादुन्नबी पर दिव्या गंगवार ने कराया जलपान, बाढ़ प्रभावितों का जाना हाल

## बच्चों को दिए उपहार, बिस्किट और फ्रूटी का हुआ वितरण

**बीसलपुर।** ईद मिलादुन्नबी का पर्व नगर में सामाजिक समरसता और सेवा भाव के साथ मनाया गया। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार ने अपने समर्थकों संग नगर में जलपान कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को उपहार बांटे और अक़ीदतमंदों को बिस्किट, फरूटी, कोल्ड ड्रिंक और जीरा पानी वितरित किया।कार्यक्रम में दिव्या गंगवार के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने लोगों से मिलकर पर्व की खुशियां साझा कीं। बच्चों को विशेष रूप से उपहार दिए गए जिससे उनके चेहरों पर मुस्कान खिल उठी।जलपान कार्यक्रम के बाद दिव्या गंगवार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का रुख किया। वह कार्यकर्ताओं के साथ बढ़ेपुरा धारम, चुटकुना, मंडरा सुमन, मोहम्मदपुर भजा और नवदिया भगत गांवों में




पहुंचीं। यहां उन्होंने पीड़ित परिवारों की व्यथा सुनी। ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ से फसलें नष्ट हो गईं और घरों में संकट खड़ा हो गया है।दिव्या गंगवार ने पीड़ितों को आश्वस्त किया कि उनकी मदद के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने प्रशासन से अपील की कि बाढ़ प्रभावित प्रत्येक परिवार तक तत्काल आवश्यक सुविधाएं और राहत सामग्री पहुंचे। दिव्या गंगवार के इस दौरे और कार्यक्रम में चौधरी प्रदीप सिंह पटेल, फैज़ान खान, अनिल कुमार, डॉ. रवि गंगवार, रूप लाल महातिया, भूदेव गंगवार, जगदीश पटेल, राम पाल पटेल, अभिषेक माऊ, महावीर गंगवार, राजेश राजू, पंकज कुमार, सुनील कुमार, रजनीश पाठक, राकेश प्रजापति, सचिन कुमार, राजेश गौतम, अमित कुमार, अंतरेश मौर्य, अवी गंगवार समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव, जांच में जुटी पुलिस

**विशाल इण्डिया पूनम तिवारी**

**अंबेडकर नगर।** महरुआ थाना क्षेत्र के रामनगर करारी गांव में शनिवार सुबह एक महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना से गांव में सनसनी फैल गई, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतका का नाम नीतू प्रजापति उम्र लगभग 38 वर्ष है।वह झब्बर प्रजापति की पत्नी है।उसकी शादी करीब 20 वर्ष पहले थाना क्षेत्र के ककरहवा बरामदपुर में हुई थी,मृतका के दो पुत्र हैं एक का नाम अमित प्रजापति उम्र 15 वर्ष दूसरे का



नाम सुमित प्रजापति उम्र लगभग 14 वर्ष है और उसका पति मुंबई में शटरिंग का काम करता है।इस समय मृतका को लेकर परिवार में दो लड़के उसकी सास रामावती सिर्फ चार लोग मौके पर थे,शनिवार सुबह उसकी सास रामावती खेतों में पशुओं के लिए चारा काटने गई थी दोनों लड़के बाहर खेल रहे थे इसी बीच मौका पाकर शनिवार सुबह नीतू प्रजापति ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली,घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी मौके पर पहुंचे महरुआ थाना अध्यक्ष यादवेंद्र सोनकर ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना अध्यक्ष यादवेंद्र सोनकर ने बताया कि घटना के हर पहलू की जांच की जा रही है मृतका के परिजनों से तहरीर मिलने पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## अफेयर पता लगा तो बहन ने भाई को मार डाला

**रायबरेली।** रायबरेली में नाबालिग बहन ने भाई को कुल्हाड़ी से काट कर मार डाला। युवक घर के बाहर सोया हुआ था। हत्या करने के बाद बहन घर में जाकर सो गई। भाई को बहन के अफेयर की जानकारी पता लग गई थी। इसे लेकर दोनों भाई-बहन का झगड़ा भी हुआ था। लड़की प्रेम प्रसंग का विरोध करने पर भाई से नाराज थी। घटना शनिवार सुबह 4 बजे की है। पड़ोसी महिला ने बिस्तर से खून बहता देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बहन को हिरासत में लिया। पहले उसने बहाना किया। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पूरा मामला हरचंदपुर थाना क्षेत्र का है। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि 5 साल पहले युवक के माता-पिता की मौत हो गई थी। तब से दो बहन और भाई नानी के साथ रहते थे। घर मे नानी और तीन बच्चे थे। युवक मजदूरी कर घर चलाता था। लड़की का गांव के लड़के से अफेयर था। जिसे लेकर गांव के लोग भाई को ताना मारते थे। भाई ने बहन से इसका विरोध किया तो दोनों में झगड़ा हो गया। अक्सर भाई-बहन में इस बात को लेकर विवाद होता था। आज सुबह बहन ने भाई को मार डाला। पुलिस की पूछताछ में बहन ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

## तेंदुए ने पिता के सामने मासूम बेटी की गर्दन तोड़ी

**बिजनौर (नगीना)।** बिजनौर में तेंदुए (गुलदार) ने 10 साल की बच्ची को मार डाला। शुक्रवार रात वह दूध लेने के लिए घर से 60 मीटर दूर दुकान गई थी। दुकान से घर लौट रही थी, तभी झाड़ियों से निकलकर तेंदुए ने अटैक कर दिया। गर्दन को जबड़े में दबाकर जंगल की ओर ले जाने लगा। बच्ची का शोर सुनकर उसके पिता और ग्रामीण दौड़कर बाहर आए। देखा तो तेंदुआ बच्ची को लेकर भाग रहा था। सभी ने लाठी-डंडा लेकर तेंदुए का पीछा किया। 500 मीटर दूर जाने पर तेंदुआ बच्ची को खेत में छोड़कर जंगल में भाग गया। परिजन बच्ची को सीएचसी नगीना लेकर पहुंचे, तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, तेंदुए ने बच्ची की गर्दन तोड़ दी थी। बच्ची के कंधे और चेहरे पर दांतों के निशान हैं। पीठ और छाती पर भी खरोंचें हैं। फिलहाल, वन विभाग की टीम ने तेंदुए की धरपकड़ के लिए गांव में पेट्रोलिंग शुरू कर दी है। टीम ने रातभर गांव में सर्च अभियान चलाया। तेंदुए को ट्रेंकुलाइज करने के लिए पिंजरा लगाया गया है। जगह-जगह ट्रैप कैमरे भी लगाए गए हैं। बिजनौर में ढाई साल में तेंदुए के हमले से 32 लोगों की मौत हो चुकी है।

# आईजीआरएस : झांसी रेंज पांचवीं बार रहा अव्वल

## रेंज के जनपद प्रभारी प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण कराएं निस्तारण

**ललितपुर।** माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समन्वय शिकायत निवारण प्रणाली में माह अगस्त 2025 की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त होने पर पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र, झांसी आकाश कुलहरि द्वारा बताया गया कि आईजीआरएस, जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर माह अगस्त 2025 में जो शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये उनका शासन की



मंशानुरूप नियत समय में विधिक निस्तारण किया गया जिससे आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली माह- अगस्त 2025 मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश के परिक्षेत्रों की रैंकिंग में झांसी परिक्षेत्र ने लगातार पांचवी (05) बार प्रथम रैंक प्राप्त की है । आई.जी. द्वारा प्रभारी आई.जी.आर.एस./ सीसीटीएनएस उ. नि. राजेश सिंह, रेंज कोर्डिनेटर विमल कुमार श्रीवास्तव, मु. आ. देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं श्रीमती प्रियंका गुप्ता कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए को प्रोत्साहन हेतु नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है । डीआईजी द्वारा परिक्षेत्र के जनपद प्रभारियों को आई.जी.आर.एस. प्रणाली से प्राप्त शिकायतों का उच्चकोटि की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने एवं जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर शासन के मंशानुरूप पूर्ण मनोयोग से उनकी समस्याओं के विधिक निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है ।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी जनशिकायतें

## कई शिकायतों का मौके पर कराया निस्तारण, शेष शिकायतों के निस्ताराण हेतु निर्धारित की समयसीमा

**ललितपुर।** जनता की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के लिए आज शनिवार को जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अमनदीप डुली व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने तहसील में आये फरियादियों की शिकायतें सुनी और उनका निस्तारण भी कराया। उन्होंने कई शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कराया और शेष बची शिकायतों को सम्बंधित अधिकारियों को पृष्ठांकित करते हुए निस्तारण की समयसीमा निधार्रित की। उन्होंने कहा कि शिकायतों का




निस्तारण निर्धारित समय में होना चाहिए, इसके लिए अधिकारी स्वयं संज्ञान लेकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराते हुए अवगत करायें। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता को अपने समक्ष बुलाकर पूरी गंभीरता से उनकी समस्या सुनी और उन्हें भरोसा दिलाया कि जल्द ही उनकी समस्या का निस्तारण करा दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी स्वयं जनशिकायत प्रणाली की समीक्षा करते हैं, इसलिए कार्य में लापरवाही बरतने की कोई गुंजाइश नहीं है, अधिकारी पूरी निष्ठा से जनशिकायतों का निस्तारण करायें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में निम्न शिकायतें प्राप्त हुईं। तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 83 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 14, विकास के 03, पुलिस के 19, नगर पंचायत के 02, पूर्ति के 36, विद्युत के 05 तथा अन्य विभागों के 04 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 07 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 27 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 08, पुलिस के 06, विकास का 01, पूर्ति के 06, चकबंदी के 02, विद्युत का 01 तथा अन्य विभाग के 03 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 03 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया।

# शान शौकत से 1500 साला वां ईद मिलादुन्नबी का निकाला गया जुलूस

**ललितपुर।** मोहल्ला नेहरु नगर में बड़ी शान शौकत से 1500 साला वां ईद मिलादुन्नबी का सुबह मदरसा फैज़ाने रजा के बच्चों का मस्जिद से जुलुस निकाला गया जो मोहल्ला नेहरू नगर की विभिन्न गलियों में घूमता हुआ फिर वापिस मस्जिद पर पहुंचा और वहां पर जुलूस का समापन हुआ फिर वहीँ नमाज़े जुमा के बाद मोहल्ले के सारे लोगो ने ईद मिलादुन्नबी का बड़ी शान शौकत से भव्य जुलूस निकाला जिसमे नात ख्वा हैदराबाद और झाँसी कानपुर के शामिल रहे जुलूस मे 2 ट्राले चल रहे थे जिसमे एक पर स्टेच और दूसरे पर हुज़ूर साहब के रोज़े का नक्शा और सार्वजनिक लंगर एवं जुलूस में जीप पर कड़क बिजली वाली तोप चल रही थी जो आकर्षण का केन्द्र रही जिसे देखने के लिये लोगों का हुजूम उमड़



रहा था और जुलूस में बग्घी पर हाफिज अनस चिश्ती साहब बैठे हुये चल रहे थे और बच्चों ने नागपुर ताजुदुद्दीन बाबा की दरगाह बनायीं थी जो जुलूस में हाथ ठेला पर रखी चल रही थी वही बच्चों ने बहुत बढ़िया सुन्दर झांकी बनाई उस झांकी में एक छोटा सा डीजे, एक छोटा सा जनरेटर, एक छोटी कड़क बिजली तोप, बाबा सदनशाह की मजार व बग्गी बनी हुई थी जो हाथ ठेला पर रखी हुई चल रही थी और वही नौजवानों ने मुहम्मदी अखाड़ा निकालकर अपना हुनर दिखाया बच्चों द्वारा जमकर आतिशबाजी की गई नेहरू नगर मस्जिद के इमाम हाफिज अनस चिश्ती साहब ने बताया के हमारे मोहम्मद साहब ने हमें अच्छे अखलाक और अच्छा किरदार का सबक दिया मुहम्मद साहब ने हमें ये बताया है कि सबसे अच्छा मुसलमान वह है जिसके हाथ और जुबान से दूसरों को कोई तकलीफ न पहुँचे यह हदीस बताती है कि अच्छा इंसान वही है जो किसी को नुकसान नहीं पहुँचाता बल्कि अपने व्यवहार से सबके लिये राहत और सुरक्षा बनता है वह व्यक्ति मोमिन नहीं हो सकता, जो खुद पेट भर खाये और उसका पड़ोसी भूखा हो यह समाज के हर इंसान — चाहे वह किसी भी धर्म या जाति का हो — सबके साथ हमदर्दी और सहयोग की सीख देती है यह दिन मुसलमानों के लिये पैगबंर के जीवन, शिक्षाओं और धार्मिक सन्देश को याद करने का अवसर है यह पर्व सदाचार, प्रेम, सहिष्णुता और समाज सेवा का सन्देश फैलाता है मुसलमानों के लिये यह दिन भाईचारा, दया और धार्मिक शिक्षा का प्रतीक भी है नगर वासियों ने भी सामाजिक समरसता का सन्देश देते हुये मिलजुल कर पर्व का आनन्द लिया यह ईद मिलादुन्नबी का 1500 साला वां बड़े ही उत्साह व श्रद्धा के साथ मनाया गया।

# शार्ट न्यूज

## चचेरे भाई को गला घोंटकर मार डाला

**मथुरा।** मथुरा में एक युवक ने साथियों के साथ मिलकर पहले अपने चचेरे भाई को किडनैप किया। फिर बेरहमी से उसकी हत्या कर दी। भाई की हत्या करने के बाद भाभी को भी बेरहमी से पीटा। फिर भाभी को मरा समझकर झाड़ियों में फेंक दिया। इसके बाद घर से 2.5 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर और कैश चुराकर भाग गया। महिला ने होश में आने पर पुलिस को घटना की सूचना दी। जांच-पड़ताल करने के बाद पुलिस को महिला के पति का शव मिला। वारदात स्थल के सीसीटीवी खंगालने पर पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। ये मामला सदर बाजार के औरंगाबाद इलाके का है। कृष्णा कुंज कॉलोनी में रहने वाले आनंद उर्फ सुखा समान ढोने वाला रिक्शा चलाता था। परिवार में पत्नी संजू है। आनंद के पास 1 सितंबर की दोपहर फोन आया कि भाड़े पर उसका रिक्शा चाहिए। इसके बाद आनंद रिक्शा लेकर निकल गया। लेकिन, रात 11 बजे तक वह नहीं आया। इस पर पत्नी संजू को चिंता हुई। आधी रात तक संजू आस-पड़ोस और रिश्तेदारों को फोन करके पति के बारे में पूछती रही। लेकिन, उसका कुछ भी पता नहीं चला।

## यमुना में डूबे युवक का शव 5 दिन बाद मिला

**सहारनपुर।** सहारनपुर के सरसावा क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। ढिक्का टपरी गांव के सोनू (35) का शव यमुना नदी में डूबने के 5 दिन बाद हरियाणा में मिला है। सोनू 1 सितंबर को सुबह खेतों की ओर निकला था। दोपहर में वह अपने दोस्तों के साथ हथनीकुंड बैराज पहुंचा। वहां बैराज से छोड़े जा रहे पानी का बहाव देख रहा था। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ा और वह नदी में गिर गया। तेज धारा में वह बह गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोर मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ की टीम ने भी कई दिनों तक यमुना में खोजबीन की। पांचवे दिन हरियाणा के गुमथला गांव के पास ग्रामीणों को नदी किनारे एक शव दिखा। हरियाणा पुलिस ने शव को बाहर निकाला। शनिवार को परिजनों ने बताया कि सोनू के हाथ में पहने लाल रंग के कड़े और अन्य सामान से शव की पहचान की। पुलिस कार्रवाई के बाद शव को गांव लाया गया। और अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों के अनुसार सोनू मेहनतकश और मिलनसार स्वभाव का था। उसकी मौत से पूरे गांव में शोक है। ग्रामीणों ने यमुना नदी किनारे सुरक्षा प्रबंध बढ़ाने की मांग की है।

## बाणसागर नहर में बच्चे की डूबकर मौत

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर के हलिया थाना क्षेत्र में स्थित मुड़पेली सुखतरवा गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई। बाणसागर नहर में नहाते समय एक 7 वर्षीय बच्चे की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान दीपक के रूप में हुई है। शनिवार को दोपहर में दीपक अपने दोस्तों के साथ नहाने गया था। नहर में तेज बहाव के कारण वह डूब गया। उसके साथी तुरंत घर लौटकर परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंच गए। स्थानीय निवासी और पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेश दूबे ने सिंचाई विभाग और पुलिस को सूचित कर नहर बंद करवाई। मेजा लिंक नहर के अधिशाषी अभियंता मेराज अहमद खां के अनुसार नहर में 955 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। लगभग 5 घंटे की खोजबीन के बाद बच्चे का शव गजरिया पुल के पास, करीब 2 किलोमीटर दूर बहता हुआ मिला। दीपक प्राथमिक विद्यालय पिपरा में पहली कक्षा का छात्र था। वह अपने पिता प्रेम कोल का इकलौता बेटा था। उसकी मां नगीना दो साल पहले घर छोड़कर चली गई थी। पिता मजदूरी करके बच्चे का पालन-पोषण कर रहे थे। थाना अध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## भांजे से प्रेम संबंध में पति की नृशंस हत्या

**कानपुर।** कानपुर के सचेंडी में भांजे से अवैध संबंधों के चलते महिला ने पति की नृशंस हत्या का मामला सामने आया है। महिला ने अपने प्रेमी भांजे के साथ मिलकर पति की साबड़ से सिर कूच कर हत्या कर दी। इतना ही नहीं हत्याकांड के बाद घर के पीछे बगीचे में उसका शव दफन कर दिया। शव को गलाने के लिए दोनों ने 12 किलो नमक डालकर दफन कर दिया था। अब 10 महीने बाद बहन ने गुमशुदगी दर्ज कराई तो इस हत्याकांड का खुलासा हुआ है। पुलिस ने हत्यारोपी पत्नी और उसके भांजे को अरेस्ट कर लिया है। मूलरुप से बांदा के मवई घाट व वर्तमान में सचेंडी के लालूपुर गांव निवासी शिवबीर सिंह (50) गुजरात में प्राइवेट नौकरी करते थे। गुजरात में नौकरी के दौरान उनकी मुलाकात वाराणसी के गाजीपुर में रहने वाली लक्ष्मी से हुई थी। जिसके बाद दोनों लव मैरिज कर ली थी, उनके तीन बच्चे आनंद, रोहित व अंकिता है। शिवबीर की बहन कांती ने बताया कि 6 साल पहले शिवबीर पत्नी व बच्चों के साथ गांव में रहने के लिए आया था। गांव में मकान न होने के कारण भांजे अमित ने अपने घर के सामने उन्हें जगह दी थी, जहां शिवबीर झोपड़ी बनाकर मां सावित्री, पत्नी व बच्चों के साथ रहता था। इस दौरान अमित के अपनी मामी लक्ष्मी से प्रेम संबंध हो गए थे।

## पीईटी परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थी पकड़ा

**मथुरा।** मथुरा में शनिवार को आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता होने के बावजूद साल्वर परीक्षा केंद्र पर घुसने में सफल हो गया। मामला महोली रोड स्थित रमनलाल शोरावाला पब्लिक स्कूल का है, जहां दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक होनी थी। इसी दौरान परीक्षा में शामिल होने आए एक अभ्यर्थी के स्थान पर उसका दोस्त परीक्षा देने पहुंचा, लेकिन बायोमैट्रिक जांच में मामला खुल गया। आरोपी उन्नाव जिले के थाना बिहार के गांव अकवाड़ा निवासी अभ्यर्थी अखिलेश की जगह उसी गांव का नीतेश परीक्षा देने पहुंचा था। प्रवेश द्वार पर दस्तावेज जांच के समय गड़बड़ी पकड़ में नहीं आई। पहचान पत्र और प्रवेश पत्र में चेहरे की समानता पूरी तरह मेल न खाने पर जब बायोमैट्रिक जांच की गई तो मामला सामने आया। रेटिना स्कैन में भी मिलान न होने से धोखाधड़ी की पुष्टि हो गई। जांच में गड़बड़ी सामने आने के बाद केंद्र व्यवस्थापक ने तुरंत आरोपी को परीक्षा कक्ष से बाहर निकाला और पुलिस को सौंप दिया। पूछताछ में नीतेश ने स्वीकार किया कि वह अपने दोस्त अखिलेश की जगह पैसे लेकर परीक्षा देने आया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि साल्वर नीतेश और अभ्यर्थी अखिलेश दोनों पर केस दर्ज किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मोरक्को : नारीवादी कार्यकर्ता को ईशनिंदा में ढाई साल जेल

**रबात , एजेंसी।** मोरक्को की एक अदालत ने प्रख्यात नारीवादी और एलजीबीटीक्यू अधिकार कार्यकर्ता इब्तिस्साम लश्गार को ईशनिंदा का दोषी ठहराते हुए ढाई साल की कैद और 5,000 डॉलर का जुर्माना सुनाया है। फैसले ने मोरक्को में बहस छेड़ दी है। जहां कुछ लोग इसे सही मान रहे हैं, वहीं कुछ इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर खतरा बता रहे हैं। लश्गार पर आरोप था कि उन्होंने ऐसी टी–शर्ट पहनकर सेल्फी साझा की, जिस पर लिखे संदेश को इस्लाम व राजशाही का अपमान माना गया।

### ट्रंप की अमेरिकी कांग्रेस पर और मजबूत हुई पकड़

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के अंतिम दिनों में रिपब्लिकन राष्ट्रीय समिति के मुख्यालय में सभी स्टाफ सदस्यों की बैठक हुई। यह सिर्फ सामान्य सियासी रणनीतिक नहीं, बल्कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कांग्रेस पर गहरी पकड़ का प्रदर्शन था। ट्रंप की राजनीतिक टीम ने रिपब्लिकन स्टाफ को सुबह वन ब्यूटीफुल बिल एक्ट व आगामी मध्यावधि चुनाव के मुद्दे पर बैठक में बुलाया। इस बैठक में रिपब्लिकन बहुमत (सांसद) एक शक्तिशाली कार्यपालिका के इशारों पर चलता दिखाई दिया। बैठक में व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट, पोलस्टर टोनी फैब्रीजियो और राजनीतिक निदेशक जेम्स ब्लेयर जैसे नेता भी शामिल रहे। इस दौरान लोगों ने ट्रंप की नीतियों के विरोध में बैठक स्थल के बाहर प्रदर्शन किया।

### मानवता अपराध में शामिल व्यक्ति बांग्लादेश में चुनाव से बाहर

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने अंतरराष्ट्रीय अपराध (ट्रिब्यूनल) कानून 1973 में संशोधन किया है। नए प्रावधान के तहत मानवता के खिलाफ अपराधों में अगर किसी व्यक्ति के खिलाफ चार्जशीट दायर होती है, तो उसे चुनाव लड़ने, सांसद बने रहने या सरकारी नौकरी करने से अयोग्य कर दिया जाएगा। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने बताया कि यह कदम इसीलिए उठाया गया, ताकि ऐसे लोग न तो संसद का चुनाव लड़ सकें और न ही सरकारी पद पर बने रह सकें।

### खैबर पख्तूनख्वा में इस साल आतंकी हमलों में 138 की मौत

**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान में इस साल सैकड़ों आतंकी हमले हुए हैं। केवल जून में 78 आतंकी हमले हुए, जिनमें 100 लोग मारे गए। 189 घायल हुए। एक दूसरी रिपोर्ट के अनुसार सिर्फ खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में इस साल अब तक 605 आतंकी हमले हुए हैं। इनमें 138 नागरिक मारे गए। 352 घायल हो गए। खैबर पख्तूनख्वा पुलिस विभाग की हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि हमलों में 79 पुलिसकर्मी मारे गए। 130 घायल हुए। अगस्त में 129 आतंकी हमलों में 17 नागरिकों और 13 पुलिसकर्मियों की जान गई।

### ब्राजील में मुठभेड़, पुलिस ने मार गिराए आठ गैंग सदस्य

**रियो डी जनेरियो , एजेंसी।** ब्राजील के रियो डी जनेरियो में पुलिस ने एक ड्रग तस्करी गिरोह पर छापेमारी के दौरान हुई मुठभेड़ में आठ गैंग सदस्यों को मार गिराया। एनकाउंटर के बाद एक पादरी व एक बच्चे को बंधक से मुक्त करा लिया गया। कार्रवाई का लक्ष्य प्योर थर्ड कमांड गिरोह और उसका सरगना कोरोनेल था, जिस पर एक महिला की हत्या का आरोप है। पुलिस ने बताया कि कुछ अपराधियों ने बस को बैरिकेड बनाने की कोशिश की, जिनमें से दो को गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ में चार राइफलें बरामद हुईं। गोलीबारी से स्कूल बंद हो गए, यातायात बाधित हुआ और शहर में दहशत का माहौल बन गया।

### सीएम स्टालिन ने ऑक्सफोर्ड में पेरियार के चित्र का अनावरण किया

**ऑक्सफोर्ड, एजेंसी।** तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने ब्रिटेन की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑक्सफोर्ड में समाज सुधारक ई.वी रामासामी पेरियार के चित्र का अनावरण किया। आत्म सम्मान आंदोलन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सीएम स्टालिन ने भी शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान स्टालिन ने कहा कि पेरियार के चित्र का ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में, जो ज्ञान, मानवाधिकार और गरिमा का पर्याय है, अनावरण करना सबसे यादगार क्षण है और बड़े ही सम्मान की बात है। अब पेरियार का तर्कवाद तमिलनाडु के पार जाकर पूरी दुनिया में अपनी चमक बिखेर रहा है। स्टालिन ने बताया कि करीब 40 साल पहले भी डीएमके ने ऑक्सफोर्ड में पेरियार के जन्म शताब्दी वर्ष का उत्सव मनाया था। स्टालिन ने कहा कि पेरियार के दर्शन का मतलब आत्मसम्मान, तर्कवाद, सामाजिक न्याय, लिंग समानता, वैज्ञानिक सोच और धर्मनिरपेक्ष राजानीति होता है।

## ट्रम्प की डिनर पार्टी में शामिल हुए दिग्गज टेक बिजनेसमैनः मस्क को न्योता नहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- ये हाई आईक्यू ग्रुप



**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार रात व्हाइट हाउस में टेक बिजनेसमैन के लिए डिनर रखा। इसमें गूगल सीईओ सुंदर पिचाई, मेटा सीईओ मार्क जुकरबर्ग, ओपन एआई सीईओ सेम ऑल्टमैन, समेत कई दिग्गज उद्योगपति शामिल हुए। हालांकि, टेस्ला सीईओ इलॉन मस्क को न्योता नहीं दिया गया। ट्रम्प ने कहा- ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था, जब इतने सारे बुद्धिजीवी एकसाथ मिले हों। उन्होंने इस टीम को हाई आईक्यू ग्रुप कहकर संबोधित किया। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक यह डिनर प्रेसिडेंट हाउस के रोज गार्डन में होना था, लेकिन मौसम खराब होने के कारण यह स्टेट डाइनिंग रूम में किया गया।

**मस्क को नहीं मिला न्योता :** मस्क कुछ महीने पहले तक ट्रम्प के सलाहकार थे, लेकिन अब दोनों के बीच दूरियां बढ़ गई हैं। इस डिनर में जेरेड इसाकमैन भी रहे। इसाकमैन ही वह शख्स हैं जिनकी वजह से मस्क और ट्रम्प के बीच दूरियां आनी शुरू हुईं। इसाकमैन मस्क के करीबी सहयोगी रहे हैं। उन्हें ट्रम्प ने स्पेस एजेंसी नासा की लीडरशिप के लिए चुना था। जब ट्रम्प और मस्क के बीच दूरी आ गई, तो इसाकमैन का नॉमिनेशन रद्द कर दिया गया।

**मेलानिया ट्रम्प ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की :** डिनर का आयोजन व्हाइट हाउस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) शिक्षा पर बनी नई टास्क फोर्स की बैठक के बाद हुई। टास्क फोर्स का मकसद अमेरिकी युवाओं के लिए ढ्ढ शिक्षा का विकास करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेलानिया ट्रम्प ने की।

मेलानिया ने कहा कि एआई अभी शुरुआती दौर में है, इसलिए इसके साथ वैसा ही व्यवहार करना होगा जैसा बच्चों के साथ किया जाता है। इसे सतर्कता के साथ जिम्मेदार बनाना होगा। मेलानिया ने कहा कि हम एक खास समय में जी रहे हैं। बच्चों को इस भविष्य के लिए तैयार करना हमारी जिम्मेदारी है।

पिछले महीने, मेलानिया ने के-12 ग्रेड के छात्रों के लिए एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता शुरू की, जिसमें एआई का उपयोग करके चुनौतियों का समाधान करने को कहा गया। हालांकि, उन्होंने एआई के नुकसान पर भी ध्यान दिया।

मेलानिया ने इस साल एआई-जनरेटेड डीपफेक इमेज का इस्तेमाल कर ऑनलाइन यौन शोषण करने वालों के खिलाफ कानून बनाने की मांग की थी। मौसम के कारण रोज गार्डन में डिनर का प्लान बदला खराब मौसम के कारण इस डिनर का प्लान अचानक बदला था। पहले जहां ये डिनर होने वाला था, व्हाइट हाउस ने उस जगह को 'रोज गार्डन क्लब' नाम दिया है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता डेविस इंगले ने इसे सिर्फ राजधानी वॉशिंगटन ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की सबसे आकर्षक जगह बताया। इंगले ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प चाहते थे कि रोज गार्डन का भव्य उद्घाटन किसी खूबसूरत दिन हो। इसके लिए गार्डन में बड़े बदलाव किए गए हैं। घास हटाकर उसकी जगह पत्थर बिछा दिए गए हैं, जिससे यह जगह फ्लोरिडा के मार-ए-लागो रिसॉर्ट के आंगन जैसी लगती है।

इस काम की खुद राष्ट्रपति ने कई बार जांच की और मजदूरों से मुलाकात की। एक बार तो उन्होंने मजदूरों को ओवल ऑफिस में बुलाकर फोटो भी खिंचवाई। ट्रम्प ने कहा कि रोज गार्डन बनाने में दुनिया का सबसे खूबसूरत संगमरमर और पत्थर का इस्तेमाल किया गया है।

## राष्ट्रपति माइली के एजेंडे को बड़ा झटका, सीनेट में विकलांगता से लाभ पर वीटो 63-7 से खारिज



**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** अर्जेंटीना की सीनेट ने राष्ट्रपति जेवियर माइली के विकलांगता लाभ बढ़ाने वाले कानून पर लगाया गया वीटो खारिज कर दिया है। यह माइली के राष्ट्रपति पद के दौरान पहली बार कांग्रेस द्वारा उनके वीटो को उलटने वाला मामला है। उच्च सदन ने 63-7 के बहुमत से इस फैसले को मंजूरी दी, जो जरूरी दो-तिहाई से कहीं अधिक है।

मीडिया रिपोर्ट की माने तो विकलांगता लाभ बढ़ाने वाले इस नए कानून से देश के खर्च में बढ़ोतरी होगी, लेकिन इसके समर्थक इसे विकलांग परिवारों के जीवन के लिए जरूरी मानते हैं। सीनेटर अलेजांद्रा विगो ने कहा कि यह खर्च परिवारों के लिए जीवन और निराशा के बीच का फर्क तय करेगा। देखा जाए तो यह हार माइली के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि उनकी सरकार पहले से ही भ्रष्टाचार के एक मामले और कमजोर होती अर्जेंटीना की मुद्रा पेसो से जूझ रही है। खासकर, उनके करीबी लोगों पर विकलांगता एजेंसी में रिश्वत लेने के आरोप लगे हैं। इसके अलावा, केंद्रीय बैंक ने आर्थिक स्थिति को संभालने के लिए ब्याज दरें बढ़ानी पड़ी हैं। पिछले महीने किए थे ये प्रस्ताव पास बता दें कि पिछले महीने भी सीनेट ने स्वास्थ्य सेवा और विश्वविद्यालयों पर खर्च बढ़ाने वाले दो अन्य बिल पास किए थे, जो माइली के बजट संतुलन की योजना के लिए चुनौती हैं। कई सर्वेक्षणों में उनकी लोकप्रियता 40 प्रतिशत से नीचे गिर गई है, जिससे उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अर्जेंटिना में प्रांतीय चुनाव से बाजार में हलचल अर्जेंटीना में आर्थिक अनिश्चितता के बीच, रविवार को ब्यूनस आयर्स में प्रांतीय चुनाव होने जा रहे हैं, जो राष्ट्रीय राजनीति पर ज्यादा असर नहीं डालेंगे, लेकिन बाजारों में हलचल बढ़ा सकते हैं। कारण है कि राष्ट्रपति माइली की पार्टी 'ला लिबर्टाड अवांजा' के पास संसद में बहुत कम सीटें हैं, इसलिए उन्हें अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए और समर्थन जुटाना होगा।

## 92 वर्षीय मशहूर शिक्षिका रूथ पेन का अमेरिका में निधन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** मशहूर अमेरिकी शिक्षिका रूथ पेन का 92 साल की आयु में निधन हो गया है। उनका नाम 1963 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी की हत्या से जुड़ा हुआ है। पेन की बेटी तामारिन लॉरेल-पेन ने गुरुवार (अमेरिकी समयानुसार) को बताया कि गत रविवार को कैलिफोर्निया के सांता रोजा में उनकी मृत्यु हो गई। 22 नवंबर 1963 को जब केनेडी का काफिला परेड मार्ग से गुजर रहा था, उसी समय तत्कालीन राष्ट्रपति की हत्या कर दी गई थी। टेक्सास स्कूल बुक डिपोजिटरी भवन से गोलियां चली थीं। पेन का नाम इसलिए चर्चा में आया क्योंकि उन्होंने ली हार्वे ओसवाल्ड और उनकी पत्नी के प्रति करुणा दिखाई थी। जिस समय केनेडी की हत्या हुई थी ओसवाल्ड अपनी पत्नी और बच्चे के साथ डलास में थे। ओसवाल्ड ने हत्या से एक रात पहले गैराज से अपनी राइफल निकाली थी। वे टेक्सास स्कूल बुक डिपोजिटरी में नौकरी करते थे। हत्या से एक रात पहले वे रूथ पेन के घर पर रुके थे। यहीं से शिक्षिका पेन का नाम चर्चा में आया।

**सूडानी सरकार ने दारफुर भूस्खलन के सैकड़ों पीड़ितों को दफनाया ऌ खार्तूम, एजेंसी।** सूडानी अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि उन्होंने सूडान के पश्चिमी क्षेत्र दारफुर में हाल ही में आए भूस्खलन में मारे गए सैकड़ों लोगों के शव बरामद कर उन्हें दफना दिया है। नागरिक प्राधिकरण के प्रमुख मुजीब अल-रहमान अल-जुबैर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि स्थानीय सहायताकर्मियों की मदद से सरकार 375 शवों को बरामद करने में सफल रही, लेकिन शेष अभी भी जमीन के नीचे फंसे हुए हैं। बीती 31 अगस्त को मर्राह पर्वतों के तरासीन में कई दिनों तक हुई भारी बारिश के बाद हुए भूस्खलन में 1,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी।

## जेल के डर से थाईलैंड छोड़कर भागे पूर्व पीएम थाकसिन? दुबई जाने की आशंका; पांच दिन बाद होनी है सुनवाई

**बैंकॉक, एजेंसी।** थाईलैंड से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां जेल जाने की आशंकाओं के बीच थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा गुरुवार को अचानक सिंगापुर जाने की बात बोलकर किसी अन्य देश के लिए रवाना हो गए। ऐसे में इस बात को लेकर चर्चा इसलिए तेज हो रही है क्योंकि पांच दिन बाद अदालत का एक अहम फैसला आना है, जिसमें अदालत थाकसिन को जेल की सजा सुना सकती है। हालांकि उनकी यह यात्रा ऐसे समय हुई जब एक हफ्ता पहले ही थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने उनकी बेटी और तत्कालीन प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न शिनावात्रा को पद से हटा दिया था। कोर्ट ने उन्हें कम्बोडिया के एक नेता से विवादास्पद फोन कॉल को लेकर आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी ठहराया।

**सिंगापुर बोलकर कहां निकल गए थाकसिन?** अपनी



यात्रा से पहले थाकसिन ने बैंकॉक के डॉन मुएंग एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन अधिकारियों को बताया कि वह सिंगापुर जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि उनके खिलाफ कोई गिरफ्तारी वारंट या कोर्ट ऑर्डर नहीं था, इसलिए उन्हें जाने दिया गया। हालांकि, फ्लाइट डेटा से पता चला कि उनका निजी विमान पहले सिंगापुर की ओर गया लेकिन फिर दिशा बदलकर भारत की ओर मुड़ गया। इसके बाद विमान दुबई की दिशा में उड़ता दिखा। सोशल मीडिया पर कयास लगाए जा रहे हैं कि वह फिर से दुबई लौट गए हैं, जहां वह 2008 से स्वनिर्वासन में रह चुके हैं।

क्या आरोप और किस मामले में होगी जेल, समझिए थाकसिन 2001 से 2006 तक थाईलैंड के प्रधानमंत्री रहे। 2006 में जब वह विदेश दौरे पर थे, तब सेना ने उन्हें सत्ता से हटा दिया। 2008 में वह थाईलैंड लौटे, लेकिन भ्रष्टाचार के एक मामले में फैसले से पहले ही देश छोड़ दिया और वापस नहीं आए। इसके बाद 2023 में वह फिर थाईलैंड लौटे और आठ साल की सजा काटने पहुंचे। लेकिन उन्हें जेल के बजाय बैंकॉक के पुलिस जनरल हॉस्पिटल में रखा गया, जिससे विशेष इलाज और सुविधा मिलने के आरोप लगे। बाद में राजा ने उनकी सजा घटाकर एक साल कर दी और छह महीने बाद उन्हें पैरोल पर रिहा कर दिया गया। अब अदालत यह तय करेगी कि उन्हें मिली विशेष सुविधाएं नियमों के तहत थीं या नहीं। अगर थाकसिन को इन फैसलों में मिली छूट में उनकी मिलीभगत पाई गई, तो उन पर नए आरोप लग सकते हैं और वे फिर से जेल जा सकते हैं। राजनीतिक युग का अंत? गौरतलब है कि थाईलैंड की संसद अब नई सरकार के लिए प्रधानमंत्री चुनने वाली है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह थाकसिन और उनके राजनीतिक नेटवर्क के 20 साल लंबे प्रभाव के अंत की शुरुआत हो सकती है। थाकसिन पर पहले भी कई मामलों में मुकदमे चल चुके हैं, जिनमें वह खुद को हमेशा राजनीति का शिकार बताते रहे हैं। पिछले महीने अदालत ने उन्हें राजद्रोह के एक बड़े मामले में बरी कर दिया था, जिससे उन्हें 15 साल की सजा हो सकती थी।

## कांटे की टक्कर में तीसरी बार चुने गए जमैका के प्रधानमंत्री होलनेस, मुख्य विपक्षी उम्मीदवार ने हार मानी

**किंग्सटन (जमैका), एजेंसी।** जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस ने संसदीय चुनाव में एक कड़े मुकाबले में गुरुवार को तीसरी बार जीत हासिल की। यह चुनाव ऐसे समय में हुआ, जब देश भ्रष्टाचार, असमानता और आर्थिक समस्याओं से जूझ रहा है। शुरुआती नतीजों के मुताबिक, होलनेस की जमैका लेबर पार्टी ने 34 सीटों पर जीत हासिल की, जबकि विपक्षी नेता मार्क गोल्डिंग की पीपुल्स नेशनल पार्टी को 29 सीटों पर जीत हासिल हुई। गोल्डिन एक संक्षिप्त भाषण में अपनी हार स्वीकार की और कहा कि उन्हें नतीजों से निराशा हुई है, लेकिन उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी की जीत को स्वीकार किया और उसे उनकी सफलता माना।

**आम चुनाव में केवल 38.8 फीसदी रहा मतदान :** जमैका में बुधवार को आम चुनाव हुए, जिनमें जमैका प्रोग्रेसिव पार्टी, यूनाइटेड इंडिपेंडेंट्स कांग्रेस और नौ निर्दलीय उम्मदीवारों ने भी हिस्सा लिया। इन उम्मीदवारों ने अलग-अलग क्षेत्रों से चुनाव लड़ा। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, मतदान प्रतिशत केवल 38.8प्रतिशत रहा, जो 2020 में महामारी के दौरान हुए चुनाव के मुकाबले थोड़ा ही ज्यादा है।

**वोट डालने के पात्र हैं कुल 20 लाख पंजीकृत मतदाता :** जमैका की कुल आबादी 28 लाख है, जिसमें से केवल 20 लाख पंजीकृत मतदाता वोट डालने के पात्र हैं। जमैका की संसद के निचले सदन यानी प्रतिनिधि सभा की कुल 63 सीटों पर चुनाव हुआ। जिस पार्टी को बहुमत मिलता है, उसका नेता देश का अगला प्रधानमंत्री बनता है। इसके बाद नया प्रधानमंत्री संसद के ऊपरी सदन यानी सीनेट में 21 में से 13 सदस्यों को नियुक्त करता है, जबकि विपक्ष आठ सदस्यों का चयन करता है।

**मौजूदा सरकार में अपराध में आई कमी :** होलनेस के नेतृत्व में इस साल अब तक जमैका में हत्या के मामलों में 43 प्रतिशत की कमी आई है, जो पिछले कई दशकों में सबसे बड़ी गिरावट मानी जा रही है। जमैका में अपराध इसलिए कम हुए हैं क्योंकि सरकार ने गैरकानूनी हथियारों को पकड़ना शुरू किया और देशभर में पुलिस व सुरक्षा बलों की सख्त तैनाती की। जमैका लेबर पार्टी ने इसी उपलब्धि के आधार पर प्रचार किया और खुद को ऐसी सरकार के रूप में पेश किया जिसने देश को बड़े पैमाने पर हिंसा की ओर बढ़ने से रोका। हालांकि अपराध के आंकड़ों में सुधार हुआ है, फिर भी जमैका के हिंसक इतिहास की छाया अभी भी महसूस होती है। मौजूदा सरकार ने कुछ क्षेत्रों में आपातकाल लागू करने जैसे कदम उठाए, जिसको लेकर जनता में मिली-जुली प्रतिक्रिया थी। कुछ ने इसका समर्थन किया और कुछ ने आलोचना की। निजी क्षेत्र और कई आम जमैका वासियों ने इन कदमों की सराहना की है, खासकर उन इलाकों में जहां हत्याओं की संख्या में 70 फीसदी तक की कमी आई है।

## नेपाल में बड़ा डिजिटल स्ट्राइक, फेसबुक-यूट्यूब समेत 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बंद




**काठमांडो, एजेंसी।** नेपाल सरकार ने फेसबुक, ट्विटर (एक्स), यूट्यूब समेत कुल 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बंद करने का फैसला किया है। यह निर्णय मंत्रि परिषद की बैठक तथा सुप्रीम कोर्ट के परमादेश के कार्यान्वयन स्वरूप सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को लिया। सूत्रों के अनुसार मंत्रालय में हुई बैठक में नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण को इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को तत्काल प्रभाव से बंद करने के लिए पत्राचार किया गया है।

यदि ये सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म नेपाल में आधिकारिक रूप से पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करते हैं तो उन्हें क्रमशः पुनः संचालन की अनुमति दी जाएगी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने बिना अनुमति संचालित सोशल मीडिया, ओवर द टॉप एप्स और इंटरनेट ब्राउजर के माध्यम से विज्ञापन सहित प्रसारित सामग्री पर रोक लगाने तथा इनके नियमन हेतु आवश्यक कानून बनाने का आदेश सरकार को दिया था। जस्टिस टेकप्रसाद ढुंगाना और जस्टिस शांति सिंह थापा की पीठ ने बुधवार को यह परमादेश जारी करते हुए कहा था कि विदेशी प्रसारण संस्थाओं को नेपाल में प्रसारण के लिए अनुमति लेनी होगी तथा सरकार को इसके लिए कानून निर्माण करना अनिवार्य है।

## सीनेट समिति की केनेडी से पूछताछ, कोरोना वैक्सीन पर अपने रुख का किया बचाव किया; ट्रंप बोले- उसकी नीयत अच्छी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्ट एफ. केनेडी जूनियर को गरुवार को सीनेट की समिति के सामने तीखे सवालों का सामना करना पड़ा। तीन घंटे तक चले सवाल-जवाब में केनेडी ने कोरोना वैक्सीन पर अपने रुख का बचाव किया। उन्होंने उन आरोपों पर भी सफाई दी, जिनमें कहा जा रहा था कि उनके फैसलों से संघीय स्वास्थ्य एजेंसियों में अशांति फैल गई है। केनेडी ने समिति को बताया कि उन्हें रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) की पूर्व निदेशक पर भरोसा नहीं था। उन्होंने वैक्सीन के खिलाफ अपने पुराने बयानों को जायज ठहराया और उन खबरों का खंडन किया, जिनमें कहा जा रहा था कि कोरोना वैक्सीन लेने से लोगों को परेशानी हो रही है। केनेडी लंबे समय से वैक्सीन विरोधी आंदोलन के प्रमुख चेहरा रहे हैं। उन्होंने स्वास्थ्य नीतियों और वैज्ञानिक शोध के लिए जिम्मेदार एजेंसियों में बड़े बदलाव किए हैं।





इनमें हजारों कर्मचारियों की छंटनी, वैज्ञानिक सलाहकारों को हटाना और वैक्सीन से जुड़े दिशानिर्देशों में बदलाव करना भी शामिल है। उनके इन कदमों से कई डेमोक्रेटिक पार्टी शासित राज्यों की स्वास्थ्य संस्थाओं की चिंता बढ़ गई है। कई चिकित्सा संगठनों और कांग्रेस (संसद) के डेमोक्रेट सांसदों ने केनेडी को पद से हटाने की मांग की है। समिति के सामने पूछताछ के दौरान डेमोक्रेट सांसदों और केनेडी के बीच तीखी बहस हुई। हालांकि, कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने भी कोविड नीति में बदलाव पर चिंता जताई। रिपब्लिकन सांसदों ने याद दिलाया कि केनेडी ने एक ओर तो ट्रंप को ऑपरेशन वार्प स्पीड (कोविड वैक्सीन को तेजी से विकसित करने और उसे लोगों तक पहुंचाने का सरकारी कार्यक्रम) के लिए नोबेल पुरस्कार का हकदार बताया था। वहीं, दूसरी ओर एमआरएनए वैक्सीन की सुरक्षा और इस्तेमाल पर सवाल उठाए थे। यानी केनेडी एक तरफ ट्रंप की तारीफ कर रहे हैं और दूसरी दरफ उसी वैक्सीन पर सवाल उठा रहे हैं, जो ट्रंप की सरकार में बनाई गई थी। नॉर्थ कैरोलिना से रिपब्लिकन पार्टी के सांसद थॉम टिलिस ने कहा, यह समझ में नहीं आता कि आप ऑपरेशन वार्प स्पीड का समर्थन करते हैं या विरोध। टिलिस और अन्य सांसदों ने केनेडी से पूछा कि हाल ही में सीडीसी की नई निदेशक को क्यों हटाया गया, जबकि वह केवल एक महीने पहले पद पर आई थीं। केनेडी ने जवाब दिया कि निदेशक ईमानदार नहीं थीं और उनके समर्थन में इस्तीफा देने वाले सीडीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी पद छोड़ने लायक थे। इन सांसदों ने सीडीसी की लॉकडाउन और मास्क लगाने जैसी नीतियों की आलोचना की और दावा किया कि ये कदम बीमारी को रोकने में विफल रहे। केनेडी ने कहा, जिन अधिकारियों ने केवल बच्चों को मास्क पहनाए, स्कूल बंद किए, उन्हें अब एजेंसी बाहर करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इन अधिकारियों ने क्रोनिक बीमारियों को रोकने के लिए पर्याप्त काम नहीं किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने क्या कहा बाद में जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या उन्हें केनेडी पर पूरा भरोसा है, तो राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने यह पूछताछ नहीं देखी, लेकिन उनका मानना है कि केनेडी की नीयत अच्छी है। ट्रंप ने कहा, उनका अलग दृष्टिकोण है, लेकिन हमें हर दृष्टिकोण को देखना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि यह पारंपरिक बातें नहीं हैं औ यह स्वास्थ्य से जुड़ी हुई हैं।

## कांगो में इबोला का संक्रमण फैला, 15 की मौत

**किंशासा , एजेंसी।** मध्य अफ्रीकी देश कांगो के स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि वहां इबोला का संक्रमण फैल गया है और इसकी चपेट में आए 28 लोगों में से 15 लोगों की मौत हो गई है। कांगो में 16वीं बार है, जब इबोला का संक्रमण फैला है। इस बीमारी में मृत्यु दर करीब 53 प्रतिशत है, जो हालात की गंभीरता दर्शाती है। कांगो के बौलापे में इबोला से 14 और म्वेका में एक मरीज की मौत हुई है। मरने वालों में चार स्वास्थ्यकर्मी हैं। इबोला के लक्षणों में बुखार, उल्टी, दस्त और भारी रक्तस्राव जैसे लक्षण दिखाई दिए। इबोला वायरस बेहद संक्रामक है और उल्टी, रक्त या वीर्य जैसे शारीरिक तरल पदार्थों के माध्यम से फैल सकता है। इससे संक्रमित मरीज की जान जाने का खतरा रहता है।

# एशिया कप में भारत-पाक मैच पर बोले बीसीसीआई सचिव, हमें केंद्र सरकार की बात का पालन करना होगा

**गुवाहाटी (असम)(एजेंसी)।** दुबई में 14 सितंबर को एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले को लेकर चल रही आलोचनाओं के बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के सचिव देवजीत सैकिया ने हाल ही में जारी नीति का हवाला देते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने किसी भी ऐसे देश के साथ बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने पर प्रतिबंध नहीं लगाया है जो भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध नहीं रखता।


टूर्नामेंट में भारत के अपने चिर प्रतिद्वंद्वी से भिड़ने पर नाराजगी जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ गुस्से से उपजी है, जिसमें इस साल 22 अप्रैल को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों को मार डाला था। पूर्व क्रिकेटरों और प्रशंसकों ने इस मुकाबले को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की है और मैच का बहिष्कार करने का सुझाव भी दिया है। अगस्त में केंद्र सरकार ने खेल आयोजनों में भारतीय एथलीटों के पाकिस्तानी एथलीटों के साथ प्रतिस्पर्धा करने से निपटने के लिए एक नीति में संशोधन किया था। नीति के अनुसार भारत को बहुराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति होगी, लेकिन वह द्विपक्षीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से परहेज करेगा।

सैकिया ने बताया, 'जहां तक BCCI का सवाल है, हमें केंद्र सरकार द्वारा औपचारिक रूप से तय की गई हर बात का पालन करना होगा। हाल ही में, किसी भी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट या अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत की भागीदारी के संबंध में हमारी जो नीति लागू हुई है, उसके अनुसार केंद्र सरकार द्वारा कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है, चाहे हम उन देशों के साथ खेलें जिनके भारत के साथ अच्छे संबंध नहीं हैं। इसलिए भारत को किसी भी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में सभी मैच खेलने होंगे।'

उन्होंने आगे कहा, 'चूंकि ICC कप एक बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट है जिसमें एशिया महाद्वीप के देश शामिल होते हैं, इसलिए हमें खेलना होगा। और साथ ही किसी भी ICC टूर्नामेंट के लिए जब कोई देश भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध नहीं रखता है, तो हमें अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलना होगा। जहां तक द्विपक्षीय संबंधों का सवाल है, हम अपने किसी भी विरोधी देश के साथ नहीं खेलने जा रहे हैं।'



# मिशेल स्टार्क ने टी20आई क्रिकेट से संन्यास की वजह बताई, मैं इसको लेकर असमंजस में था...



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के 35 वर्षीय तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि टेस्ट और एकदिवसीय क्रिकेट खेलने के लिए उनमें अभी भी बहुत कुछ बचा है तथा वह खेल के सबसे लंबे प्रारूप में अधिक सफलता हासिल करने के लिए अपने शरीर का भरपूर इस्तेमाल करने के लिए तैयार हैं। स्टार्क ने हाल ही में टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की ताकि वह खुद को एशेज, आईपीएल, भारत में टेस्ट श्रृंखला और दो साल में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए तैयार रख सकें। इसका मतलब है कि यह स्टार तेज गेंदबाज अगले साल की शुरुआत में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी नहीं खेलेगा।

स्टार्क ने कहा, 'मैं जितना संभव हो सके उतना टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए अपने शरीर का अधिक से अधिक इस्तेमाल करना चाहता हूं।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगा कि मुझे दूसरे प्रारूपों में से एक को छोड़ना होगा। मुझे लगता है कि मेरे पास वनडे टीम को देने के लिए बहुत कुछ है और मेरा लक्ष्य 2027 तक अपनी फिटनेस बनाए रखना है। साथ ही 2027 में होने वाले विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने के लिए भी काफी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।'

स्टार्क ने संयुक्त अरब अमीरात में 2021 में टी20 विश्व कप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जहां ऑस्ट्रेलिया ने इस प्रारूप में अपना पहला विश्व खिताब जीता था। उन्होंने कहा, 'मैं इसको लेकर असमंजस में था कि कौन सा प्रारूप रखना सही रहेगा। मैंने 2027 में होने वाले विश्व कप को ध्यान में रखते हुए वनडे को चुना। मुझे अब भी लगता है कि मेरे पास वनडे टीम को देने के लिए बहुत कुछ है। मैंने इस बारे में काफी सोचा था। मुझे लगता है कि शायद यह सही समय था। मैं 35 साल का हो गया हूं। टेस्ट क्रिकेट हमेशा मेरे लिए पहली प्राथमिकता रहा है और आगे भी रहेगा।'

# श्रेयस अय्यर को मिली भारत ए टीम की कप्तानी, इस देश के खिलाफ करेंगे टीम की अगुवाई



**मुम्बई (एजेंसी)।** आगामी एशिया कप से बाहर रहने के बाद श्रेयस अय्यर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 16 सितंबर से लखनऊ में खेले जाने वाले दो बहु-दिवसीय मैचों के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया है। मुंबई का यह बल्लेबाज उस टीम की कप्तानी करेगा जिसमें साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे कुछ अन्य नए टेस्ट खिलाड़ी भी शामिल हैं।

इस बीच, केएल राहुल और मोहम्मद सिराज, जो एशिया कप के लिए टीम में नहीं हैं, को 23 सितंबर से ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे मैच के लिए दो अन्य खिलाड़ियों की जगह ए टीम में शामिल किया जाएगा। यह 2 अक्टूबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज़ से पहले अभ्यास के तौर पर होगा। दो बहु-दिवसीय मैचों के बाद, भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए 30 सितंबर, 3 अक्टूबर और 5 अक्टूबर को कानपुर में तीन एकदिवसीय मैच खेलेंगे।

**भारत ए टीम**

श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, एन जगदीशन (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (उपकप्तान और विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, हर्ष दुबे, आयुष बदोनी, नितीश रेड्डी, तनुश कोटियन, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बरार, खलील अहमद, मानव सुथार, यश ठाकुर राज

# सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में एशिया कप के लिए दुबई पहुंची भारतीय टीम ने जमकर अभ्यास किया

**दुबई (एजेंसी)।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए यहां पहुंची भारतीय टीम ने अभ्यास शुरु कर दिया है। एशिया कप में भारतीय टीम का पहला मुकाबला 10 सितंबर को मेजबान यूएई से होना है। भारतीय टीम आईसीसी अकादमी में अभ्यास के लिए उतरी।

भारतीय टीम 14 सितंबर पाकिस्तान और 19 सितंबर को ओमान से खेलेगी। वहीं प्लेऑफ मुकाबले 20 सितंबर से प्रारंभ होंगे। अभ्यास सत्र में कप्तान सूर्यकुमार यादव, उप-कप्तान शुभमन गिल, संजू सैमसन, जितेश शर्मा, तिलक वर्मा और अभिषेक शर्मा सभी ने नेट्स पर लंबे समय तक बल्लेबाजी की। भारतीय



टीम यहां बिना अभ्यास के ही पहुंची है। टीम प्रबंधन का मानना था कि दुबई की आबोहवा में स्वयं को ढालने के लिए दुबई में ही अभ्यास करना बेहतर रहेगा। इस टूर्नामेंट में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की टी20 में वापसी पर भी सबकी नजर रहेंगी। इसके अलावा ये देखना होगा कि इंग्लैंड में टेस्ट टीम की कप्तानी करते हुए 700 से अधिक रन बनाने वाले शुभमन गिल यहां कितने रन बना पाते हैं। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी लंबे समय के बाद इस टूर्नामेंट से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते दिखेंगे। भारतीय टीम ने मुख्य कोच गंभीर, बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक और गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने अभ्यास शुरु किया। ग्रुप ए में भारतीय टीम, पाकिस्तान, यूएई और ओमान शामिल के साथ हैं जबकि ग्रुप बी में श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हांगकांग की टीमें हैं।

# एशिया कप में भारतीय टीम की जर्सी पर नहीं होगा किसी कंपनी का नाम या 'लोगो'

मुम्बई । सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में यूएई में होने जा रहे एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में भारतीय क्रिकेट टीम बिना किसी लोगो के ही उतरेगी क्योंकि इस बार टीम का कोई प्रयोजक नहीं है। ऐसे में 9 सितंबर से शुरू हो रहे एशिया कप में भारत की जर्सी पर किसी कंपनी का नाम और लोगो नहीं बल्कि केवल 'इंडिया' लिखा होगा। इसका कारण है कि भारतीय टीम के पास अभी कोई प्रयोजक नहीं है। हाल में केन्द्र सरकार के ऑन लाइन गेमिंग ऐप पर प्रतिबंध के बाद से ही उसकी प्रयोजक कंपनी ड्रीम 11 को करार बीच में ही समाप्त करना पड़ा था। इसके बाद से ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) नये प्रयोजक की तलाश में है पर उसे वह अभी तक मिला नहीं है। भारतीय बोर्ड ने प्रायोजकों के लिए निविदाएं बुलायी हैं और बोली जमा करने की आखिरी तारीख 16 सितंबर तय की है। वहीं एशिया कप की शुरुआत 9 सितंबर से हो रही है। इसलिए टीम को कोई भी प्रायोजक नहीं मिला है। भारतीय टीम को आपना पहला मैच 10 तारीख को यूएई से जबकि 14 तारीख को पाकिस्तान से खिलाफ है। ऐसे में इन दोनो ही मुकाबलों के दौरान भारतीय टीम की जर्सी पर किसी ब्रांड का नाम और लोगो नहीं रहेगा।

# एशिया कप में तीसरे नंबर पर उतरें सैमसन : गावस्कर



मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के महान बल्लेबाज रहे सुनील गावस्कर का मानना ?है कि एशिया कप में विकेट बल्लेबाज संजू सैमसन को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिये। गावस्कर ने कहा कि सैमसन को छठे क्रम पर फिनिशर के रूप में बल्लेबाजी के लिए नहीं भेजना चाहिये। गावस्कर ने कहा, किसी भी चयन समिति के लिए यह कठिनाई है कि उनके पास जितेश शर्मा और संजू सैमसन जैसे दो बेहतरीन विकेटकीपर बल्लेबाज हों। जितेश ने हाल ही में हुए आईपीएल में भी अच्छा प्रदर्शन किया। इसके बाद भी गावस्कर को लगता है कि सैमसन को मौका मिल जाएगा। जितेज आईपीएल में वह काफी सफल रहे है। इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनमें टी20 में अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता है। गौर है कि सैमसन का 2024 साल शानदार रहा। जहां उन्होंने 43.60 की औसत और 180.16 के स्ट्राइक रेट से 436 रन बनाए। जिसमें तीन शतक और एक अर्धशतक शामिल है। उन्होंने ज्यादातर रन सलामी बल्लेबाज के तौर पर बनाए। केरल क्रिकेट लीग में हाल में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। वहीं जितेश अनुभव के मामले में उनसे कहीं पीछे हैं।

# रोहित, विराट कब संन्यास ले, कहने का अधिकार किसी को नहीं : दीपदास गुप्ता



मुम्बई । भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद संन्यास लेने की लगायी जा रही हैं। ये भी कहा जा रहा है कि ये दौरा इन दोनो का अंतिम अंतरराष्ट्रीय दौरा हो सकता है। वहीं पूर्व क्रिकेटर दीपदास गुप्ता ने कहा है कि किसी को भी ये कहने का अधिकार नहीं है कि इन्हें कब संन्यास लेना चाहिये। दासगुप्ता ने कहा, हमने उन्हें कभी शुरुआत करने के लिए नहीं कहा, इसलिए हम उन्हें यह बताने वाले कोई नहीं होते कि कब रुकना है। वे जब रुकते हैं, तब रुकते हैं। यह पूरी तरह से उन पर निर्भर करता है। हां, जहां तक चयन का सवाल है तो हम एक प्रदर्शन-आधारित उद्योग में हैं। इसमे अगर आप प्रदर्शन करते हैं तो टीम में बने रहेंगे। मैंने हाल ही में रोहित तस्वीरें देखीं, वह फिट दिख रहे हैं, वह पूरी तरह से तैयार हैं और आने वाली चुनौती के लिए तैयार हैं। दासगुप्ता ने कहा, मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि उन दोनों के पास आगे बढ़ने के लिए कुछ साल बाकी हैं। मुझे सचमुच थोड़ा गुस्सा आता है जब लोग कहते हैं, इन्हें संन्यास ले लेना चाहिए। मेरा मतलब है कि हम कौन होते हैं ऐसा सुझाव देने वाले? अगले एक साल में कम एकदिवसीय होने हैं ऐसे में दीप का मानना है कि इन दोनो को ही फिटनेस बनाये रखने के लिए आईपीएल अन्य जगहों पर भी खेलना होगा। दासगुप्ता ने कहा अगर दोनों मानदंड पूरे कर लेते हैं, तो उन्हें ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में लीग क्रिकेट खेलने के विकल्पों पर विचार करना चाहिए।

# मेसी और रोनाल्डो की तरह दिग्गज खिलाड़ी ने कर्मचारी पर थूका, लगा प्रतिबंध

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** इंटर मियामी के फॉरवर्ड लुइस सुआरेज पर लीग्स कप फ़ाइनल के बाद सिएटल साउंडर्स के एक कर्मचारी पर थूकने के लिए छह मैचों का प्रतिबंध लगा दिया गया है, आयोजकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

यह घटना पिछले रविवार को सिएटल में साउंडर्स की फ्लोरिडा टीम पर 3-0 से खिताब जीतने वाली जीत के बाद हुई झड़प के दौरान हुई। लीग्स कप आयोजन समिति ने एक बयान में कहा कि उसने इंटर मियामी के सर्जियो बुस्केट्स और टॉमस एविलेस पर भी हाथापाई के दौरान हिंसक व्यवहार के लिए क्रमशः दो और तीन मैचों का प्रतिबंध लगाया है। साउंडर्स के सहायक कोच स्टीवन लेनहार्ट को भी इस झड़प में उनकी भूमिका के लिए पाँच मैचों का निलंबन दिया गया है।

सुआरेज की सजा का मतलब है कि वह अगले साल होने वाले लीग्स कप में पूरी तरह से हिस्सा नहीं ले पाएंगे, और चूंकि



ग्रुप चरण में प्रति सीजन केवल तीन मैच खेलने की गारंटी होती है, इसलिए यह प्रतिबंध 2027 के संस्करण तक जारी रह सकता है। हालांकि इस प्रतिबंध का मेजर लीग सॉकर में उनकी उपलब्धता पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन लीग्स कप समिति ने कहा कि एमएलएस 'संबंधित खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ पर आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।'

यह विवादों की एक लंबी सूची में नवीनतम है जो सुआरेज के 20 साल के पेशेवर करियर के दौरान उनके साथ रहे हैं, जिसमें लिवरपूल, बार्सिलोना और एटलेटिको मैड्रिड सहित अन्य क्लबों में उनके कार्यकाल शामिल हैं। उन्हें विरोधियों को काटने के लिए तीन बार निलंबन का सामना करना पड़ा है, जिसमें 2014 की एक घटना भी शामिल है जब उन्होंने ब्राज़ील में एक विश्व कप मैच के दौरान इटली के जियोर्जियो चिएलिनी के कंधे को पकड़ लिया था।

सुआरेज ने गुरुवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपनी इस हालिया लापरवाही के लिए माफी मांगी। उन्होंने कहा, 'यह बहुत तनाव और निराशा का क्षण था, जहां खेल खत्म होने के तुरंत बाद ऐसी चीज़ें हुईं जो नहीं होनी चाहिए थीं, लेकिन यह मेरी प्रतिक्रिया को उचित नहीं ठहराती।' 'मैंने गलती की और इसके लिए मैं तहे दिल से माफी मांगता हूं। यह वह छवि नहीं है जो मैं अपने परिवार के सामने देना चाहता हूं, जो मेरी गलतियों के कारण पीड़ित हैं, मेरे क्लब के सामने, जो खुद को इस तरह की किसी चीज से प्रभावित होते हुए देखने के लायक भी नहीं हैं।'

# एशिया कप में श्रीलंकाई टीम के सभी खिलाड़ियों को करना होगा बेहतर प्रदर्शन : अर्नोल्ड

कोलंबो । श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर रसेल अर्नोल्ड को उम्मीद है कि चरित असलांका की कप्तानी में श्रीलंकाई टीम एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करेगी। अर्नोल्ड ने कहा, मुझे लगता है कि यह टूर्नामेंट रोमांचक रहेगा। श्रीलंकाई टीम में अगल-अलग स्थानों के लिए बेहतर खिलाड़ी सामने आ रहे हैं। टीम का संतुलन अच्छा लग रहा है। इसलिए, मुझे लगता है कि यह टीम के लिए देखने का एक बेहतरीन मौका है कि वे कहां हैं। वहीं अगर वे सही दिशा में काम करते हैं तो मुझे लगता है कि उनके पास आगे बढ़ने का अच्छा अवसर है। श्रीलंकाई टीम ग्रुप बी में है जिसे काफी कठिन माना जाता है। अर्नोल्ड ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही कठिन ग्रुप है। यह एक ऐसा ग्रुप है जिसे आप आसानी से नहीं हरा सकते। इसमें अफगानिस्तान भी शामिल है जिसका प्रदर्शन लगातार निखर रहा है। उनकी गेंदबाजी हमेशा अलग रही है। उनके पास राशिद खान सहित कई अच्छे स्पिनर हैं। इसके साथ ही अब उनके पास बेहतर बल्लेबाजों भी हो गये हैं। वहीं बांग्लादेश से मिलने वाली टक्कर को कम नहीं मान सकते। श्रीलंका का हाल ही में घरेलू सीरीज में उनसे 2-1 से हार का सामना करना पड़ा था। इसलिए मुझे लगता है कि श्रीलंकाई टीम को जीत के लिए बेहतर क्रिकेट खेलना होगा। हर किसी को अपनी भूमिका और जिस दिशा में वे टीम को ले जाना चाहते हैं, उसे सामने रखना होगा। वहीं ग्रुप ए में भारतीय टीम काफी मजबूत हैं और निरंतर बेहतर प्रदर्शन के कारण खिताब की प्रबल दावेदार है। पिछले दो सालों में मुझे लगता है कि उन्होंने केवल 10 मैच हारे हैं। उनका प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है। इसलिए मुझे लगता है कि वे टूर्नामेंट के पसंदीदा हैं। इसके अलावा पाकिस्तान, आगे बढ़ने वाली दूसरी टीम होगी। अगर वे एक मैच हार जाते हैं और सुपर फोर में जगह नहीं बना पाते हैं, तो मुझे बहुत हैरानी होगी।




# योगराज ने फिर धोनी पर निशाना साधा, खिलाड़ियों के साथ खराब व्यवहार के आरोप लगाये



चंडीगढ़। अपनी विवादास्पद बयानों के कारण चर्चाओं में बने रहने वाले पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने एक बार फिर भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी पर निशाना साधा है। पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह के पिता योगराज ने धोनी के अलावा पूर्व कप्तान कपिल देव और बिशन सिंह बेदी का भी नाम लिया और कहा कि इन लोगों ने कई खिलाड़ियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया। योगराज ने इस बार पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान के पुराने साक्षात्कार का हवाला देते हुए धोनी पर हमला बोला। अपने साक्षात्कार में इरफान पठान ने भारतीय टीम से अचानक बाहर होने के कारणों की बात करते हुए धोनी पर तंज कसा था। योगराज ने कहा कि केवल पठान ही नहीं बल्कि गौतम गंभीर, वीरेंद्र सहवाग और हरभजन सिंह के साथ भी धोनी ने अच्छा व्यवहार नहीं किया। योगराज ने कहा, यह केवल इरफान पठान की बात नहीं है। आप गंभीर को इस बारे में बोलते हुए देख सकते हैं। सहवाग ने भी इस बारे में कहा है। वहीं धोनी जवाब नहीं देना चाहते जिससे पता चलता है कि उन्हें भी अब इन बातों का अहसास हो रहा है। उन्होंने साथ ही कहा, मैं बेदी और कपिल के बारे में बात करता हूं। मैं उन लोगों के बारे में बात कर सकता हूं जिनके साथ मैं रहा हूं। उन्होंने लोगों के साथ बहुत बुरा व्यवहार किया है। जो गलत है इन लोगों ने टीम को नुकसान पहुंचाया है।

# अभी संन्यास नहीं लेंगे, अगले सत्र में 25 वां ग्रैंड स्लैम जीतने का प्रयास करेंगे जोकोविच

न्यूयॉर्क । सर्बियाइ टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच को अमेरिकी ओपन टेनिस के पुरुष एकल सेमीफाइनल मुकाबले में स्पेन के कार्लोस अल्काराज के खिलाफ 6-4, 7-6(4), 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। जिसके बाद से ही कहा जा रहा था कि अब वह संन्यास ले सकते हैं पर जोकोविच ने इस सभी बातों पर अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा है कि ये सब अफवाहें हैं। जोकोविच ने अपने बयान में कहा है कि वह अगले साल होने वाले ग्रैंड स्लैम सत्र में खेलेंगे। जोकोविच ने कहा है कि अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में हारने के बाद भी वह निराश नहीं है और अगले सत्र में 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का प्रयास करेंगे। अल्काराज के खिलाफ मुकाबले में जोकोविच को अंत में सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा था। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, 'मैं अभी पीछे नहीं हटने जा रहा हूं। मैं ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने के अपने प्रयास जारी रखूंगा। मैं फाइनल में पहुंचने के लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास करूंगा। मैं कम से कम एक और ट्रॉफी जीतने के लिए अपनी लड़ाई जारी रखूंगा। जोकोविच ने इस सत्र में चारों ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में जगह बनाई पर एक बार भी उससे आगे नहीं बढ़ पाये। उन्हें तीन बार अल्काराज और एक बार इटली के यानिक सिनर से हार का सामना करना पड़ा। सेमीफाइनल के बाद जोकोविच ने कहा, 'दूसरे सेट के बाद मेरी ताकत समाप्त हो गई थी। वहीं अल्काराज बेहतर होते गये जिससे ये मुकाबला मेरे हाथ से निकल गया।



# भारत को रोहित-विराट की कमी खलेगी, बुचर ने कहा- इस समय वह टीम में एकमात्र मैच जिताऊ खिलाड़ी

**दुबई (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व विकेटकीपर रोलैंड बुचर का मानना है कि मई में शानदार प्रदर्शन करने वाले रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट मैचों से संन्यास लेने के बाद भारत को उनकी कमी खलेगी। उनके अनुसार, भारत के पास इस समय बल्ले से एकमात्र मैच विनर ऋषभ पंत हैं।

विराट और रोहित के लाल गेंद के प्रारूप में अंतिम प्रदर्शन के बाद भारतीय क्रिकेट में एक नया सवेरा शुरू हुआ। भारतीय प्रबंधन ने शुभमन गिल पर भरोसा जताया और उन्हें रोहित का असली उत्तराधिकारी माना। भारत के सबसे युवा टेस्ट कप्तान को इंग्लैंड में 5 टेस्ट मैचों की कड़ी श्रृंखला के लिए टीम का नेतृत्व करने का काम सौंपा गया था। लीड्स से लेकर लंदन तक भारत के कई यादगार पल आए और यह दौरा ओवल में भारत की छह रनों की नाटकीय जीत के साथ समाप्त हुआ।

पूरी श्रृंखला के दौरान प्रशंसकों और पूर्व क्रिकेटरों ने अक्सर कुछ ऐसे पलों की ओर इशारा किया जब भारत मैदान पर रोहित और विराट के लिए तरस रहा था। बुचर के अनुसार, भारत ने जिन खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है, वे 'अच्छे खिलाड़ी' हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत के पास पंत जैसे आक्रामक खिलाड़ी के अलावा कोई 'मैच-विनर' खिलाड़ी नहीं है।

### ऋषभ पंत एकमात्र मैच जिताऊ खिलाड़ी

बुचर ने कहा, 'मुझे लगता है कि भारतीय टीम को इन दोनों खिलाड़ियों की कमी खलेगी क्योंकि रोहित शर्मा और विराट कोहली मैच विनर थे। आप जानते ही हैं कि वे अकेले ही मैच का रुख बदल सकते हैं। मुझे लगता है कि इस समय भारत की टीम बहुत अच्छी है, लेकिन इन दोनों खिलाड़ियों के बिना टीम उतनी अच्छी नहीं होगी। उनकी जगह लेने वाले खिलाड़ी बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। वे खूब रन बना सकते हैं, लेकिन वे लंबे समय तक रन बनाते हैं, जिसका मतलब है कि वे इतनी जल्दी जीत की स्थिति में नहीं पहुंच पाते।'

उन्होंने कहा, 'इसलिए, मुझे लगता है कि अगले कुछ साल भारत के लिए बदलाव के दौर से गुजरेंगे। उन्हें कुछ मैच जिताऊ बल्लेबाज ढूंढने होंगे। इस समय टीम में एकमात्र मैच जिताऊ खिलाड़ी ऋषभ पंत हैं। इसलिए, शर्मा और कोहली का टीम से बाहर होना टीम के लिए बहुत बड़ा नुकसान होगा। मुझे नहीं लगता कि इस समय उनकी जगह कोई भी खिलाड़ी इन दोनों से बेहतर है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में उनके ट्रैक रिकॉर्ड ने साबित कर दिया है कि वे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से दो रहे हैं।'

### गिल को कप्तानी करना सीखना होगा

गिल का पहला टेस्ट 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ था और उनके नेतृत्व में भारत ने जिस जोशपूर्ण प्रदर्शन का प्रदर्शन किया, उसकी उन्होंने खूब सराहना की। 'कभी हार न मानने' की मानसिकता 5 टेस्ट मैचों में भारत के रवैये का प्रतीक बन गई। लेकिन बुचर की राय अलग है। भारतीय कप्तान के रूप में गिल के पहले कार्यकाल का विश्लेषण करते हुए बुचर ने दावा किया कि इंग्लैंड की पिचों की अनुकूल प्रकृति के कारण गिल के लिए यह आसान था।

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि शुभमन गिल कप्तानी के लिहाज से युवा हैं। इसलिए उन्हें खेल की कप्तानी करना सीखना होगा। वह एक नई टीम के कप्तान हैं, क्योंकि वह अचानक टीम में शामिल हो गए हैं और दो सबसे सीनियर खिलाड़ी टीम से बाहर हैं। इसलिए, उन्हें खुद को एक कप्तान के रूप में पहचानना होगा। उन्हें नए खिलाड़ियों को टीम में शामिल करना होगा और अपनी पहचान बनानी होगी। यह आसान नहीं होगा।'



बुचर ने आगे कहा, 'इंग्लैंड में उनके लिए शायद काफी आसान था क्योंकि पिचें बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छी थीं। दोनों टीमें विपक्षी टीम को आउट करने के लिए संघर्ष कर रही थीं। इसलिए, वह काफी रन बनाने में सफल रहे। आगे चलकर उनके सामने और भी कठिन चुनौतियां होंगी। वह इससे कैसे निपटते हैं, यह हमें देखना होगा। लेकिन मुझे लगता है कि अब भारत के लिए जरूरी है कि वह नए खिलाड़ियों को खोजे, उन्हें रोहित और कोहली जैसी क्षमता दिखानी होगी, ताकि कप्तान के रूप में उनका काम आसान हो सके।'

# जीएसटी कटौती से मुद्रास्फीति में कमी और नीति दर में कटौती की संभावना



**नई दिल्ली ।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दर में कटौती से कीमतों पर दबाव कम होने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह कटौती पूरी तरह उपभोक्ताओं तक पहुंचती है, तो खुदरा मुद्रास्फीति में अगले 12 महीनों में 60 से 80 आधार अंक तक कमी आ सकती है। खासकर उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं में इसका प्रभाव ज्यादा होगा, क्योंकि इनका मुद्रास्फीति पर बड़ा प्रभाव होता है। मुद्रास्फीति में कमी के कारण भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति के लिए नीतिगत दरों में कटौती की गुंजाइश बढ़ जाएगी। मौजूदा समय में आरबीआई ने फरवरी से रीपो दर में 100 आधार अंक की कटौती कर दी है और आगे भी कटौती की संभावना बनी हुई है। आरबीआई मुद्रास्फीति को नियंत्रित करते हुए आर्थिक विकास को भी ध्यान में रखेगा। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की एक प्रमुख अर्थशास्त्री ने कहा कि जीएसटी कटौती से अगले एक साल में जीडीपी वृद्धि दर में लगभग 0.6 प्रतिशत का इजाफा हो सकता है। इससे आर्थिक विस्तार को मजबूती मिलेगी। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था, जो चालू तिमाही में बेहतर रहा है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में मुद्रास्फीति 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जबकि अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह बढ़कर 4.9 प्रतिशत हो सकती है। इसके बावजूद जीएसटी कटौती के कारण मुद्रास्फीति पर सकारात्मक असर पड़ने की उम्मीद है।

## जिम में लगी चोट पर हेल्थ इंश्योरेंस क्लेमः जानिए कब होगा मंजूर और कब रिजेक्ट

**मुंबई ।** फिटनेस को लेकर आजकल लोगों में बढ़ती जागरूकता के चलते जिम जाना रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन गया है। लेकिन ट्रेनिंग के दौरान चोट लगने पर अक्सर सवाल उठता है कि क्या हेल्थ इंश्योरेंस इसका खर्च उठाएगा?

विशेषज्ञों के मुताबिक, आमतौर पर जिम चोटें हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी में कवर होती हैं, लेकिन कुछ शर्तें और एक्सक्लूज़न के कारण क्लेम रिजेक्ट भी हो सकता है। टीटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस के एक वरिष्ठ अधिकारी बताते हैं कि इंडेम्निटी आधारित हेल्थ पॉलिसी में जिम चोटों के लिए कोई खास एक्सक्लूजन नहीं है। लेकिन अगर चोट खतरनाक खेल, ड्रग्स या नशे की स्थिति में लगी हो, तो क्लेम रिजेक्ट हो सकता है। इसके अलावा, अगर चोट के वक्त असुरक्षित प्रैक्टिस की गई हो, प्रतिबंधित पदार्थ का इस्तेमाल हुआ हो या कोई प्री-एक्जिस्टिंग कंडीशन मौजूद हो, तो भी क्लेम मना किया जा सकता है। ज्यूरिख कोटक जनरल इंश्योरेंस के एक प्रमुख अे धिकारी का कहना है कि अगर अस्पताल के नोट्स में स्टेरॉयड या शराब के इस्तेमाल का उल्लेख हो, तो क्लेम रिजेक्ट किया जा सकता है।

साथ ही अगर चोट हाई-रिस्क एक्टिविटी या प्रतियोगिता के दौरान लगी हो, तो पॉलिसी एक्सक्लूजन लागू होती है।

ज्यादातर हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसियों में जिम चोटों को कवर किया गया है।

लेकिन अगर वर्कआउट डॉक्टर की सलाह के खिलाफ किया गया हो, स्टेरॉयड का दुरुपयोग हुआ हो या हृदय रोग के साथ ओवरएक्सर्ट किया गया हो, तो क्लेम रिजेक्ट हो सकता है।

## वेदांत ने जयप्रकाश एसोसिएट्स अधिग्रहण में अदाणी को पीछे छोड़ा




### नीलामी में वेदांत समूह ने 17,000 करोड़ की बोली लगाई

**मुंबई ।** अनिल अग्रवाल के नेतृत्व में वेदांत समूह ने दिवालिया कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के अधिग्रहण की दौड़ में सबसे अधिक बोली लगाकर अदाणी समूह को पीछे छोड़ दिया है। ऋणदाताओं की ओर से आयोजित नीलामी में वेदांत समूह ने 17,000 करोड़ रुपये की बोली दी, जो अब तक की सबसे बड़ी समाधान योजना मानी जा रही है। इस बोली का शुद्ध वर्तमान मूल्य (एनपीवी) लगभग 12,505 करोड़ रुपये है। जयप्रकाश एसोसिएट्स के कुल ऋण दावे 59,000 करोड़ रुपये से अधिक हैं, जिनमें वेदांत को लगभग 71 प्रतिशत की कटौती करनी होगी। नीलामी में वेदांत और अदाणी समूह सक्रिय रहे। डालमिया भारत ग्रुप, जिंदल पावर लिमिटेड और पीएनसी इन्फ्राटेक लिमिटेड जैसे अन्य दावेदारों को शॉर्टलिस्ट किया गया था, लेकिन उन्होंने अंतिम दौर में बोली नहीं दी। बोली प्रक्रिया में शुरुआत 12,000 करोड़ रुपये से हुई और बाद की बोलियां ईमेल के जरिए प्राप्त हुईं। जयप्रकाश एसोसिएट्स के अधिग्रहण से वेदांत समूह को सीमेंट और बुनियादी ढांचा जैसे नए क्षेत्रों में प्रवेश करने का अवसर मिलेगा, जहां उसकी फिलहाल उपस्थिति नहीं है। वेदांत समूह मुख्य रूप से धातु, इस्पात, खनन, तेल और गैस क्षेत्रों में सक्रिय है। अधिग्रहण के बाद वेदांत के पोर्टफोलियो में जेपी ग्रीन्स, विश टाउन, और जेवर हवाई अड्डे के पास इंटरनेशनल स्पोर्ट्स सिटी जैसी महत्वपूर्ण संपत्तियां जुड़ जाएंगी। वेदांत लिमिटेड को पांच अलग-अलग सूचीबद्ध कंपनियों में पुनर्गठित करने की योजना है, जिससे शेयरधारकों को बेहतर मूल्यांकन मिलेगा।

, इस प्रस्ताव को सरकार का विरोध भी झेलना पड़ रहा है। इसके साथ ही वेदांत को सीमेंट उद्योग में भी अपनी पकड़ मजबूत करने का मौका मिलेगा, जो वर्तमान में अल्ट्राटेक, अदाणी और श्री सीमेंट के तेजी से विस्तार के कारण प्रतिस्पर्धात्मक रूप से सशक्त हो रहा है।

## छोटी कारें हुईं सस्ती, जीएसटी में कटौती से ग्राहकों को 1.55 लाख तक का फायदा



**- सरकार ने हटाया मुआवजा उपकर, वाहन कंपनियां ग्राहकों को दे रहीं राहत**

**नई दिल्ली ।** सरकार द्वारा वाहनों पर लगने वाले वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बड़ी राहत दी गई है। जीएसटी परिषद ने हाल ही में छोटी और बड़ी कारों सहित मोटरसाइकिलों पर टैक्स दरों में कटौती की घोषणा की है। इसके तहत छोटी कारों पर लगने वाला कुल टैक्स 29-31 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया है। वहीं बड़ी कारों पर टैक्स 50 फीसदी से घटाकर 40 फीसदी कर दिया गया है। इसके अलावा, 350 सीसी से कम इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिलों पर भी अब केवल 18 फीसदी टैक्स लगेगा। इस फैसले के बाद वाहन निर्माता कंपनियों ने ग्राहकों को इसका सीधा लाभ देना शुरू कर दिया है। मारुति सुजुकी इंडिया के एक प्रमुख अे धिकारी इने कहा कि कंपनी यह राहत सीधे ग्राहकों तक पहुंचाएगी। उनके अनुसार, ऑल्टो की कीमत में 40,000-50,000 और वैगन आर की शुरुआती मॉडल की कीमत में 60,000-67,000 तक की कमी आ सकती है। टाटा मोटर्स ने भी घोषणा की कि वे जीएसटी कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को दे रहे हैं, जिससे कुछ मॉडलों की कीमतों में 1.55 लाख रुपए तक की गिरावट आई है। कंपनी के अे धिकारी ने कहा कि यह कदम पहली बार कार खरीदने वालों के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगा। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले से छोटी कारों की बिक्री में 10 फीसदी तक की वृद्धि हो सकती है, जिससे पूरी यात्री वाहन बाजार में 6-8 फीसदी की ग्रोथ संभव है।

# 1,50,000 के पार जा सकता है 10 ग्राम सोने का भाव!



**नई दिल्ली ।** सोने की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। निवेशक अब इसे सुरक्षित विकल्प मानकर बड़ी मात्रा में खरीदारी कर रहे हैं। शुक्रवार को सोने का भाव 1,07,740 प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इस तेजी के पीछे वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और अमेरिका-चीन के बीच व्यापारिक तनाव को मुख्य कारण माना जा रहा है। अर्थव्यवस्था की अस्थिरता के बीच अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद जताई जा रही है। अगर ऐसा होता है, तो डॉलर कमजोर होगा और सोने की मांग और अधिक बढ़ेगी। इसी को ध्यान में रखते हुए एक वैश्विक निवेश बैंक ने पहले अनुमान को संशोधित करते हुए अब सोने का भाव 5,000 डॉलर प्रति औंस (लगभग 1.55 लाख प्रति 10 ग्राम) तक पहुंचने की संभावना जताई है। इससे पहले यह अनुमान 4,000 डॉलर प्रति औंस था। बाजार के विशेषज्ञों के मुतो बिक डॉलर इंडेक्स में गिरावट और भारतीय रुपये में मजबूती के चलते घरेलू बाजार में सोना और महंगा हो सकता है। निवेशक शेयर बाजार और क्रिप्टो जैसे अस्थिर विकल्पों से दूर हटकर अब सोने में भरोसा जता रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह तेजी आगे भी जारी रह सकती है।

## एफपीआई ने किया आईटी और वित्त सेक्टर से पलायन, ऑटो सेक्टर में बढ़ी रौनक

**मुंबई ।** अगस्त 2025 के दूसरे पखवाड़े में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजारों से 14,020 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की। इस बिकवाली का सबसे ज्यादा असर वित्तीय सेवाओं और आईटी सेक्टर पर देखने को मिला। प्राइम इन्फोबेस के आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने अकेले वित्तीय सेवाओं से 9,817 करोड़ रुपए और आईटी सेक्टर से 4,905 करोड़ रुपए की निकासी की। इसके अलावा तेल और गैस (2,017 करोड़), बिजली (1,708 करोड़) और दूरसंचार (1,680 करोड़) जैसे क्षेत्रों में भी बिकवाली हुई। एफपीआई की बिकवाली की मुख्य वजह रही पहली तिमाही में कमजोर आय, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और आईटी सेक्टर के निर्यात परिदृश्य में गिरावट। विश्लेषकों के अनुसार इन कारकों ने निवेशकों की धारणा पर नकारात्मक असर डाला। वहीं दूसरी ओर ऑटोमोबाइल और ऑटो कलपुर्जा क्षेत्र एफपीआई के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा, जिसमें 2,617 करोड़ रुपए का निवेश हुआ। इसके पीछे मुख्य कारण रहा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में हालिया तर्कसंगत बदलाव, जिससे मांग और राजस्व में बढ़ोतरी की उम्मीद बनी।



## सेबी ने केवाईसी पंजीकरण वापसी के लिए नई नियमावली जारी की

**नई दिल्ली ।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने केवाईसी पंजीकरण एजेंसियों (केआरए) द्वारा पंजीकरण छोड़ने की प्रक्रिया को सरल और व्यवस्थित बनाने के लिए एक नया परिपत्र जारी किया है। यह कदम उन स्थितियों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है जहां केआरए या तो स्वेच्छा से या वित्तीय या नियामकीय कारणों से संचालन बंद करना चाहते हैं। सेबी ने स्पष्ट किया है कि पंजीकरण छोड़ने वाली केआरए को अपने सभी केवाईसी रिकॉर्ड्स को किसी अन्य सेबी-पंजीकृत एजेंसी को ट्रांसफर करना होगा। इससे निवेशकों को दोबारा केवाईसी कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी और उनकी सेवाएं सुचारु रूप से जारी रहेंगी। इसके अलावा, प्रत्येक केआरए के लिए अपने बोर्ड द्वारा अनुमोदित एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाना अनिवार्य किया गया है। इस एसओपी में रिकॉर्ड और दस्तावेजों के ट्रांसफर, अनुबंधों के निपटान, और डाटा सुरक्षा के स्पष्ट दिशा-निर्देश होने चाहिए।

## कैट शुरू करेगा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने अभियान

**नई दिल्ली ।** अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) ने इस महीने एक बड़े अभियान की शुरुआत करने की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य बाजारों में स्वदेशी उत्पादों की उपस्थिति बढ़ाना है। यह कदम अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए जवाबी शुल्क और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया तथा वोकल फॉर लोकल अभियान के आह्वान के बाद उठाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने शिक्षकों और छात्रों से स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने का आग्रह किया है। कैट ने कहा है कि व्यापारिक समुदाय यह संकल्प लेता है कि स्वदेशी उत्पाद हर दुकान, बाजार और ठेले पर उपलब्ध होंगे और विदेशी वस्तुओं का विकल्प केवल स्वदेशी उत्पाद ही होंगे। 15-16 सितंबर को नागपुर में 400 से अधिक व्यापारिक नेता, फेरीवाले, उपभोक्ता मंच और उद्योग प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस सम्मेलन के बाद स्वदेशी अभियान की शुरुआत की जाएगी। कैट के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि अमेरिकी शुल्क युद्ध भारत के लिए चुनौती नहीं, बल्कि अवसर है।

## उषा श्रीराम ने एक्काएरो के साथ एफएमसीजी क्षेत्र में रखा कदम

**कोलकाता ।** घरेलू उपकरण निर्माता उषा श्रीराम ने अपने प्रीमियम बोतलबंद पानी ब्रांड एक्काएरो की लॉन्चिंग के साथ एफएमसीजी क्षेत्र में प्रवेश किया है। कंपनी के एक वे रिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बोतलबंद पानी उद्योग का आकार लगभग 50,000 करोड़ रुपए है, जिसमें 60-70 फीसदी हिस्सा असंगठित क्षेत्र का है। कंपनी का उद्देश्य इस बाजार में गुणवत्ता और ब्रांड वैल्यू के दम पर मजबूत उपस्थिति दर्ज कराना है। फिलहाल कंपनी का सालाना राजस्व 480 करोड़ रुपए है, जिसे अगले दो वर्षों में 1,000 करोड़ रुपए तक पहुंचाने की योजना है। यह लक्ष्य हासिल होने के बाद कंपनी आईपीओ लाने पर विचार करेगी। एफएमसीजी विस्तार की दिशा में कंपनी आटा, दालें और आवश्यक उपभोक्ता वस्तुएं पेश करने की भी योजना बना रही है।

## एलएंडटी सेमीकंडक्टर ने फुजित्सु से पावर मॉड्यूल परिसंपत्तियां खरीदीं

**नई दिल्ली।** एलएंडटी सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजीज (एलटीएससीटी) ने जापान की फुजित्सु जनरल इलेक्ट्रॉनिक्स (एफजीईएल) की पावर मॉड्यूल डिजाइन से जुड़ी परिसंपत्तियाँ अधिग्रहित कर ली हैं। इस सौदे के तहत एलटीएससीटी ने अनुसंधान एवं विकास उपकरण, डिजाइन पेटेंट और अन्य बौद्धिक संपदाएँ अपने अधिकार में ली हैं। यह अधिग्रहण भारत की सेमीकंडक्टर क्षमताओं को वैश्विक स्तर पर मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। एलटीएससीटी के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा कि यह अधिग्रहण कंपनी की विकास यात्रा में मील का पत्थर साबित होगा और भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में प्रतिस्पर्धी बनाने में सहायक रहेगा। यह कदम विशेष रूप से पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक वाहनों और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में तकनीकी आत्मनिर्भरता को बल देगा।



## यूरोप में भारत के डीजल निर्यात में अगस्त में दोगुना वृद्धि, रूस प्रतिबंधों का असर

**नई दिल्ली ।** अगस्त महीने में भारत का डीजल निर्यात यूरोप के लिए दोगुने से अधिक बढ़ गया है। यह तेजी मुख्य रूप से यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा रूस से कच्चे तेल और प्रोसेस्ड ईंधन पर लगाए गए आगामी प्रतिबंधों के चलते हुई है। जनवरी 2026 से लागू होने वाले इस प्रतिबंध से पहले यूरोपीय खरीदारों ने भारत से डीजल खरीदारी में तेजी दिखाई है। अगस्त में भारत का डीजल निर्यात 2,42,000 बैरल प्रति दिन (बीपीडी) पहुंच गया, जो पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में दोगुना से भी अधिक है। इसके अलावा, पिछले 12 महीनों के औसत निर्यात में भी 124 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस बढ़ोतरी के पीछे कई कारण हैं, जिनमें नीदरलैंड की शेल पर्निस रिफाइनरी में अचानक रखरखाव के कारण यूरोप में डीजल आपूर्ति में कमी और सर्दियों के मौसम के लिए बढ़ती मांग प्रमुख हैं। साथ ही, रूस से प्रोसेस्ड ईंधन के आयात पर श्व के प्रतिबंध ने भारत को इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता बना दिया है। यूरोपीय संघ ने रूस के कच्चे तेल के लिए मूल्य सीमा को घटाकर 47.6 डॉलर प्रति बैरल कर दिया है, जो अब बाजार मूल्य से 15 प्रतिशत कम रहेगी। इस कदम से रूस के ऊर्जा राजस्व पर दबाव बढ़ेगा। भारत की बड़ी रिफाइनरियां जैसे रिलायंस इंडस्ट्रीज और नायरा एनर्जी, जो यूरोप को डीजल सप्लाई करती हैं, इस प्रतिबंध से प्रभावित होंगी।

# आर्थिक वृद्धि और जीएसटी सुधारों से स्थानीय शेयर बाजार में रौनक रही

**- जीएसटी सुधारों के चलते भारतीय शेयर बाजार ने बीते सप्ताह शानदार प्रदर्शन किया**




**मुंबई ।** अप्रैल-जून तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था में 7.8 फीसदी की उम्मीद से बेहतर वृद्धि और वित्त मंत्री द्वारा किए गए जीएसटी सुधारों के चलते भारतीय शेयर बाजार ने बीते सप्ताह शानदार प्रदर्शन किया। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में जोरदार उतार-चढ़ाव देखने को मिले, लेकिन सप्ताह के अंत तक घरेलू शेयर बाजार में उतार चढ़ाव के बावजूद मजबूती देखी गई।

सप्ताह की शुरुआत सोमवार को देश की जीडीपी वृद्धि दर के आंकड़े सामने आए, जिसमें अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। इस खबर से बाजार में तेजी का माहौल बन गया। सेंसेक्स 554 अंक की उछाल के साथ 80,364.49 पर बंद हुआ, वहीं निफ्टी 198 अंक चढ़कर 24,625.05 पर पहुंच गया। मंगलवार को विदेशी निवेश की निकासी और वैश्विक बाजारों से कमजोर संकेतों के चलते बाजार थोड़ा फिसला। सेंसेक्स 206 अंक टूटकर 80,157.88 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी भी 45 अंक गिरकर 24,579.60 पर बंद हुआ। बुधवार को शेयर बाजार ने जोरदार वापसी की और सेंसेक्स 409 अंक उछलकर 80,567.71 पर और निफ्टी 135 अंक बढ़कर 24,715.05 पर बंद हुआ। 3 सितंबर को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी से जुड़े अहम सुधारों की घोषणा की, जिससे निवेशकों में उत्साह देखा गया। गुरुवार को सेंसेक्स ने 888 अंकों की छलांग लगाई और निफ्टी भी 265 अंक तक चढ़ गया। सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को बाजार में स्थिरता देखी गई। सेंसेक्स हल्की गिरावट के साथ 80,710.76 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 24,741.00 पर बंद हुआ। बाजार के जानकारों ने कहा कि सप्ताह भर के उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय शेयर बाजार ने मजबूती दिखाई। आर्थिक विकास और नीतिगत सुधारों ने बाजार की धार को बनाए रखा, जिससे निवेशकों में भरोसा मजबूत हुआ है। आने वाले सप्ताह में बाजार की दिशा घरेलू आंकड़ों और वैश्विक संकेतों पर निर्भर करेगी।

# टेस्ला ने एलन मस्क के लिए प्रस्तावित किया एक ट्रिलियन डॉलर का सैलरी पैकेज

**- टेस्ला का मकसद मस्क के नेतृत्व में कंपनी को इतिहास की सबसे मूल्यवान कंपनी बनाना**



**वाशिंगटन ।** अमेरिका की प्रमुख इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला ने अपने संस्थापक और सीईओ एलन मस्क के लिए एक ट्रिलियन डॉलर के बड़े सैलरी पैकेज का प्रस्ताव रखा है। कंपनी का यह प्रस्ताव मस्क को प्रोत्साहित करने और उन्हें लंबे समय तक कंपनी के साथ जोड़े रखने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। टेस्ला का लक्ष्य मस्क की नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण बेंचमार्क हासिल करना है, ताकि वह भविष्य में रोबोटैक्सी व्यवसाय के बाजार मूल्य को 8.5 ट्रिलियन डॉलर तक ले जा सके। कंपनी ने अपने शेयरहोल्डर्स को भेजे गए लेटर में कहा कि मस्क को बनाए रखना और प्रोत्साहित करना टेस्ला के दीर्घकालिक लक्ष्यों को हासिल करने की कुंजी है। इस योजना के तहत, अगर मस्क निर्धारित बेंचमार्क पूरे करते हैं तो उन्हें पूरा सैलरी पैकेज दिया जाएगा और साथ ही उनकी कंपनी में हिस्सेदारी 25 फीसदी तक बढ़ाई जाएगी। इससे पहले अगस्त 2024 में टेस्ला ने मस्क को लगभग 29 अरब डॉलर के 9.6 करोड़ सशर्त शेयर दिए थे। हालांकि, डेलावेयर की अदालत ने मस्क के उस भारी सैलरी पैकेज को रद्द कर दिया था, क्योंकि न्यायाधीश ने इसे शेयरधारकों के प्रति अन्यायपूर्ण बताया था। मस्क की अपील भी अदालत में खारिज हो गई थी। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के अनुसार 5 सितंबर 2025 तक एलन मस्क की कुल संपत्ति 378 बिलियन डॉलर है, जिससे वे दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं। टेस्ला का यह प्रस्ताव मस्क की नेतृत्व क्षमता को देखते हुए कंपनी को और ऊंचाइयों तक ले जाने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

## इस साल अब तक लगभग 3 फीसदी कमजोर हुआ रुपया

**मुंबई ।** इस साल अब तक रुपया लगभग 3 फीसदी कमजोर हुआ है, जो कि एशिया की प्रमुख मुद्राओं में सबसे खराब प्रदर्शन है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार रुपये पर यह दबाव मुख्यतः विदेशी निवेशकों की बिकवाली, अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर 50 फीसदी तक के भारी शुल्क और अमेरिका-भारत व्यापार समझौते में अनिश्चितता के कारण आया है। साथ ही अमेरिका द्वारा आईटी सेवाओं और आउटसोर्सिंग पर संभावित रोक की खबरों ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। एक सरकारी बैंक के डीलर ने बताया कि अमेरिका में व्यापार नीति को लेकर अनिश्चितता के कारण विदेशी पूंजी की निकासी तेज हुई, जिससे रुपया दबाव में आया। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डॉलर की बिकवाली कर हस्तक्षेप किया जिससे गिरावट पर आंशिक नियंत्रण संभव हुआ। शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गिरकर रिकॉर्ड निचले स्तर 88.37 पर पहुंच गया। दिन के अंत में यह 0.13 फीसदी की गिरावट के साथ 88.26 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जबकि गुरुवार को यह 88.15 पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के एक विश्लेषक के अनुसार सकारात्मक घरेलू संकेतों के बावजूद डॉलर की मजबूती और वैश्विक व्यापार तनाव ने रुपये को कमजोर किया है। वहीं आईएफए ग्लोबल के विश्लेषक ने कहा कि दिनभर रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया।



## अमेरिकी टीवी शो में डेब्यू करने को तैयार पंजाबी सिंगर करण औजला

पंजाबी गायक-गीतकार करण औजला इतिहास रचने के लिए तैयार हैं। वह मंगलवार को अमेरिकी टीवी शो द टुनाइट शो स्टारिंग जिमी फॉलन का हिस्सा होंगे। किसी भी भारतीय कलाकार के लिए यह बड़ी अपलब्धि है। करण औजला अपने हालिया एल्बम पी-पॉप कल्चर को लेकर सुर्खियों में हैं। यह प्रोजेक्ट भारत और पाकिस्तान में कई म्यूजिक प्लेटफॉर्म्स पर नंबर एक पर है। कनाडा में भी इस एल्बम की धूम है।

### करण औजला के एल्बम को पसंद कर रहे लोग

उनके एल्बम पी-पॉप कल्चर के सभी 11 गाने भारत, पाकिस्तान और कनाडा में छाए हुए हैं। इससे करण औजला का प्रभाव और भी गहरा हुआ है। उनका गाना फॉर अ रीजन को 4 करोड़ से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। यह गाना दुनिया भर में प्रशंसकों का पसंदीदा बन गया है।

### करण औजला के फैंस उत्साहित

करण औजला के फैंस को औजलाइट्स के नाम से जाना जाता है। इन फैंस के लिए औजला का अमेरिकी टीवी शो में डेब्यू सिर्फ एक प्रदर्शन नहीं है बल्कि इससे बढ़ कर है। दुनिया के सबसे ज्यादा पहचाने जाने वाले शो में पंजाबी सिंगर को देखना एक अहम क्षण होगा। जैसे-जैसे शो की तारीख नजदीक आ रही है लोगों का उत्साह बढ़ रहा है। औजला के लिए फॉलन के मंच पर कदम रखना सिर्फ उनकी कामयाबी नहीं है बल्कि एक ऐसा मौका है जो पंजाबी संगीत को वैश्विक धारा में लाएगा।

गायक करण औजला सुरक्षित माहौल की तलाश में 2023 में कनाडा छोड़कर दुबई में बस गए। हाल ही में एक बातचीत में गायक ने खुलासा किया कि उनका दिल अब भी पंजाब में है और वह कनाडा या दुबई को अपना असली घर नहीं मानते। हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया से बातचीत में, करण औजला ने भारत लौटने के सवाल पर कहा मुझे अच्छा लगेगा, खासकर अपने गांव में। हालांकि अभी हालात वैसे नहीं हैं जैसे मैं चाहता हूं। उम्मीद है कि भविष्य में मैं ऐसा कर पाऊंगा।



# बिपाशा के बाद अब मृणाल का अनुष्का शर्मा पर तंज?

**बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर इन दिनों लगातार सुर्खियों में हैं। कभी उनकी फिल्मों को लेकर चर्चा होती है तो कभी उनके बयानों की वजह से। हाल ही में उनका एक पुराना वीडियो सामने आया था जिसमें उन्होंने बिपाशा बसु को लेकर बॉडी शेमिंग वाली बात की थी। अब एक नया वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने सुल्तान फिल्म को ठुकराने और अनुष्का शर्मा को लेकर तंज कसने की बात कही है। इसी के चलते वह एक बार फिर आलोचकों के निशाने पर आ गई हैं।**

### 'सुल्तान' को ठुकराने का दावा

मृणाल ठाकुर ने हाल ही में बातचीत के दौरान खुलासा किया कि वह सलमान खान की सुपरहिट फिल्म सुल्तान से डेब्यू करने वाली थीं। लेकिन उन्होंने खुद ही इस प्रोजेक्ट से पीछे हटने का फैसला किया क्योंकि उन्हें लगा कि वह तैयार नहीं थीं। उनका कहना था कि अगर वह उस समय यह फिल्म करतीं तो शायद अपनी पहचान खो देतीं। हालांकि, उसी फिल्म में जिस अभिनेत्री ने काम किया, आज वह फिल्मों में सक्रिय नहीं हैं, जबकि मृणाल लगातार काम कर रही हैं। हालांकि पॉडकास्ट का ये वीडियो कितना पुराना है, फिलहाल इसके बारे में कुछ पता नहीं चला है।

### अनुष्का का नाम क्यों आया चर्चा में

भले ही मृणाल ने किसी का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया, लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि उनका इशारा अनुष्का शर्मा की ओर था। सुल्तान में अनुष्का ने सलमान खान की पत्नी का किरदार निभाया था और यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। मगर बीते कुछ वर्षों से अनुष्का बड़े पर्दे से दूरी बनाए हुए हैं, इसी कारण लोग मृणाल के बयान को उन्हीं से जोड़ रहे हैं।

### फिर ट्रोल होने लगीं मृणाल ठाकुर

वीडियो सामने आने के बाद नेटिजन्स ने मृणाल को घेरना शुरू कर दिया। कई लोगों ने उन्हें मतलबी तक कह डाला और यह भी लिखा कि खुद को ऊपर दिखाने के लिए किसी और महिला को नीचा दिखाना गलत है। कुछ यूजर्स ने तंज कसा कि अगर मृणाल उस फिल्म में होतीं तो शायद उतना जादू नहीं चल पाता जितना सलमान और अनुष्का की जोड़ी ने दिखाया।

### पहले भी आ चुकीं विवादों में

यह पहली बार नहीं है जब मृणाल ठाकुर को उनके बयानों की वजह से आलोचना झेलनी पड़ी हो। इससे पहले बिपाशा बसु को लेकर उनका एक इंटरव्यू वायरल हुआ था जिसमें वह उनकी बॉडी पर मजाक कर रही थीं। उस वक्त भी लोगों ने उन्हें खूब खरी-खोटी सुनाई थी। इसके बाद मृणाल को सफाई देते हुए कहना पड़ा था कि वह उनके करियर के शुरुआती दिन थे और उन्होंने अनजाने में यह गलती की।

### करियर की ओर बढ़ते कदम

बावजूद इसके, मृणाल ठाकुर का करियर लगातार ऊंचाइयों पर है। टीवी से फिल्मों तक का सफर तय करने के बाद उन्होंने कई बड़े प्रोजेक्ट हासिल किए और उनकी एक्टिंग की भी खूब तारीफ हुई। हाल ही में उन्होंने सन ऑफ सरदार 2 जैसी फिल्म में काम किया और अब उनके पास कई नए प्रोजेक्ट्स हैं।





# 'सॉन्ग्स ऑफ पैराडाइज' में जैन दुर्रानी को देख भड़की सलोनी चोपड़ा

सलोनी चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'जब मैं बेबस बैठी थी, तब उसने मेरा गला घोंट दिया। मुझे घर से घसीटकर बाहर निकाल दिया।' इस बात के जरिए सलोनी ने साल 2018 में हुआ वो किस्सा याद दिलाया जिसमें उन्होंने जैन खान दुर्रानी पर फिजिकल, इमोशनल अब्यूज के आरोप लगाए थे। वह इस बात से दुखी हैं कि ऐसे आदमी के साथ 'सॉन्ग्स ऑफ पैराडाइज' की नामी स्टार कास्ट काम रही हैं, जिसमें चर्चित वुमन एक्ट्रेस भी शामिल हैं।

### सलोनी चोपड़ा ने अपना दर्द किया बयां

अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में सलोनी ने पहले तो बताया कि कैसे जैन खान दुर्रानी ने उन्हें धोखा दिया। जब उन्होंने उसका धोखा पकड़ लिया तो दुर्रानी ने मार-पीट की। आगे वह अपनी पोस्ट में लिखती हैं, 'खुद को फेमिनिस्ट कहने वाले लोग उसके (जैन खान दुर्रानी) साथ में खड़े हैं। उसके साथ काम कर रहे हैं।' वह पोस्ट में आगे लिखती हैं, 'जो महिलाएं आवाज उठाती हैं, उन्हें सजा दी जाती है। मेरी जैसी आवाज उठाने वाली महिलाएं काम पाने के लिए संघर्ष करती हैं। जबकि महिलाओं को पीटने वाले आदमी को प्राइम टाइम स्लॉट में काम मिलता है।' वह सवाल पूछती हैं, 'बॉलीवुड ऐसे आदमियों के साथ काम क्यों करता रहता है?'

### क्या है पूरा मामला?

बताते चलें कि सलोनी चोपड़ा और जैन खान दुर्रानी 2010 में रिलेशनशिप में थे। लेकिन जैन खान दुर्रानी के हिंसक व्यवहार के कारण सलोनी ने अपना रिश्ता तोड़ लिया। जब सलोनी ने इस मुद्दे को पब्लिक में उठाया तो जैन दुर्रानी ने माफी मांगी। वैसे उस समय कई महिलाओं ने जैन खान दुर्रानी पर सलोनी जैसे ही आरोप लगाए थे। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई है। इसमें सोनी राजदान, शीबा चड्ढा, सबा आजाद जैसी एक्ट्रेस नजर आई है। फिल्म का का निर्देशन दानिश रेंजू ने किया है और प्रोड्यूसर रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर और शफत काजी हैं।




# अक्षय के बाद अब आलिया ने की 'लोका' की तारीफ




हालिया मलयालम फिल्म 'लोका- चैप्टर 1' बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों की ओर से सराहा जा रहा है। यही नहीं धीरे-धीरे अब सेलेब्स भी इस फिल्म की तारीफ कर रहे हैं। इसी क्रम में अब अभिनेत्री आलिया भट्ट ने भी 'लोका' की तारीफ की है। आलिया ने 'लोका' की तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा की है। इस स्टोरी में आलिया ने फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'पौराणिक लोककथाओं और रहस्य का शानदार ताजा मिश्रण है 'लोका'। फिल्म को मिल रहे प्यार को देखकर काफी खुश हूं। मैं हमेशा से ऐसी फिल्मों और सिनेमा की तारीफ करने और उनका समर्थन करने को बेकरार रहती हूं।' आलिया ने फिल्म की कास्ट और क्रू को मेंशन करते हुए फिल्म के अब हिंदी में भी उपलब्ध होने पर खुशी जताई है।

### सुपर नेचुरल एक्शन-थ्रिलर है 'लोका'

'लोका- चैप्टर 1' एक सुपर नेचुरल एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। डोमिनिक अरुण द्वारा निर्देशित 'लोका' में कल्याणी प्रियदर्शन प्रमुख भूमिका में नजर आई हैं। 'लोका' महिला केंद्रित सुपरहीरो वाली पहली मलयालम फिल्म है। इस फिल्म को दुलकर सलमान ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की जमकर तारीफ हो रही है और बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म शानदार कमाई कर रही है। फिल्म को लगातार मिल रही प्रशंसा के बाद ही मेकर्स ने इसे मलयालम में रिलीज के एक हफ्ते बाद हिंदी में भी रिलीज किया है।



# दबंग-पिंक से लेकर लव आज कल तक

## इन बॉलीवुड फिल्मों के रीमेक बना पवन कल्याण ने दिखाया दम

**पवन कल्याण ने अपनी फिल्मों के जरिए देशभर में एक अलग पहचान बनाई। अभिनेता को सिर्फ एक्टिंग के लिए ही नहीं, बल्कि राजनीति के लिए भी पहचाना जाता है। साथ ही आपको बताते चलें कि पवन कल्याण ने ऐसी कई साउथ फिल्में की हैं, जो बॉलीवुड फिल्मों की रीमेक रही हैं।**

### कयामत से कयामत तक

साल 1988 में रिलीज आमिर खान और जूही चावला की बॉलीवुड फिल्म 'कयामत से कयामत' की तेलुगु रीमेक 'अक्कड़ा अम्मई इक्कड़ा अब्बाई' थी, जिसे 1996 में रिलीज किया गया था। इस रीमेक में पवन कल्याण मुख्य अभिनेता के रूप में थे। अभिनेता की डेब्यू फिल्म थी।

### जो जीता वही सिकंदर

साल 1999 में पवन कल्याण की फिल्म थम्मुडू रिलीज हुई थी। ये फिल्म आमिर खान अभिनीत बॉलीवुड फिल्म जो जीता वही सिकंदर की रीमेक थी, जो 1992 में रिलीज हुई थी।

### लव आज कल

2009 में सैफ अली खान और दीपिका पादुकोण की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'लव आज कल' रिलीज हुई थी। इस फिल्म की तेलुगु रीमेक 'तीन मारी' बनी थी, जिसमें पवन कल्याण मुख्य भूमिका में नजर आए थे, यह 2011 में रिलीज हुई थी। इस साउथ रीमेक को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था।

### दबंग

2012 में आई पवन कल्याण की 'गब्बर सिंह', सलमान खान की फिल्म 'दबंग' का रीमेक है, जो 2010 में आई थी। 'दबंग' फिल्म की तरह ही पवन कल्याण की गब्बर सिंह भी ब्लॉकबस्टर रही थी। साउथ अभिनेता की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कलेक्शन किया था।

### ओह मॉय गॉड

अक्षय कुमार और परेश रावल की चर्चित फिल्म ओह मॉय गॉड की तेलुगु रीमेक 'गोपाला गोपाला' बनी थी। गोपाला गोपाला में पवन कल्याण ने भगवान का किरदार निभाया था। जहां एक और बॉलीवुड की ओएमजी 2012 में रिलीज हुई थी, तो गोपाला गोपाला 2015 में आई थी।

### दबंग 2

बॉलीवुड की फिल्म दबंग ही नहीं, बल्कि दबंग 2 का भी तेलुगु में रीमेक बना था, जिसे सरदार गब्बर सिंह नाम से बनाया गया था। दबंग 2 साल 2012 में रिलीज हुई थी, वहीं सरदार गब्बर सिंह 2016 में आई थी।

### पिंक

अमिताभ बच्चन और तापसी पन्नू की फिल्म पिंक, साल 2016 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का तेलुगु रीमेक वकील साब नाम से बना थी, जो 2021 में रिलीज हुई थी।
इस फिल्म में पवन कल्याण ने अमिताभ बच्चन वाला किरदार निभाया था। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी।

# काजोल के साथ काम करने को लेकर नर्वस थी



ओटीटी पर द नाइट मैनेजर, द ट्रायल, कॉल मी बे, गुटरगूं सीजन 3 और बड़े पर्दे पर काजोल संग मां में आपने सूरजासिखा दास को देखा है। इसके अलावा हमने उन्हें ओटीटी पर द नाइट मैनेजर, द ट्रायल, कॉल मी बे, और गुटरगूं सीजन 3 में भी देखा और पसंद किया है। काजोल के साथ हॉरर ड्रामा मां में काम करने के अनुभव पर सूरजासिखा ने बताया कि उनकी मजबूत स्क्रीन प्रेजेंस और सीनियरिटी के कारण शुरुआत में वह उनके पास जाने से झिझकती थीं, लेकिन वक्त के साथ सेट पर दोनों के बीच सहज रिश्ता बन गया। वह कहती हैं, शुरुआत में मैं थोड़ी नर्वस थी। मुझे आज भी याद है, मैंने मां की गोद में बैठकर जो पहली फिल्म सिनेमाघर में देखी थी, वो काजोल मैम की थी। तब फिल्मों का मतलब समझ नहीं आता था, लेकिन उनसे प्यार हो गया था। वह हमेशा से मेरी पसंदीदा अभिनेत्रियों में रही हैं। इसलिए उनके सामने अभिनय करना, डायलॉग क्यूज लेना और सीन करना मेरे लिए बिल्कुल सपने जैसा था।'

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in